पवित्र आत्मा क्या है?

... शायद ही किसी सभा के लिए। यह सभा हमारे यहां आम तौर पर होने वाली सभाओ से थोड़ी अलग होगी। ज्यादातर, हर बार जब हम यहां एकत्र होते हैं, तो यह एक सभा होती है... बीमारों की चंगाई के लिए और शारीरिक आवश्यकताओ के लिए। ये उसी पर जोर दिया जाता है। लेकिन आज रात हमने प्राण की चंगाई के लिए इस बेदारी को आरंभ किया है, उस—उस मनुष्य की आत्मा के लिए।

फिर भी, प्रभु ने चाहा तो, रविवार की सुबह, रविवार की पाठशाला पर, रविवार की सुबह, हम बीमारों के लिए प्रार्थना करेंगे और हमेशा की एक नियमित चंगाई की पंक्ति होगी, रविवार सुबह के लिए, प्रभु ने चाहा तो। और इन सप्ताह की रातों में, हम पर उन—उन प्राणों के लिए अनन्तता की बातों पर बोलने के लिए बहुत जोर डालते है।

2 अब, हम जानते हैं कि जब एक—एक शरीर चंगाई को पाता है, तो इससे हम सभी को खुशी मिलती है, क्योंकि हम जानते हैं कि यह निश्चित रूप से दिखाता है कि हमारा परमेश्वर बीमारों को चंगा करता है। लेकिन वह बीमार व्यक्ति, यदि वे लंबे समय तक जीवित रहें, तो हो सकता है वह फिर से बीमार हो जाये, हो सकता है कि उसी बीमारी के साथ जिससे वे चंगे हुए थे, और यह चंगाई को नहीं निकालता है। डॉक्टर निमोनिया के लिए दवा देगा, और हो सकता है कि दो दिन बाद वे निमोनिया से मर जाये, उसके उन्हें ठीक घोषित करने के बाद। यह फिर से होता है। लेकिन जब वो प्राण चंगा हो जाता है, तब आप में, अनन्त जीवन होता है।

3 और मैं विश्वास करता हूँ कि हम प्रभु यीशु के आगमन के बहुत करीब हैं, यह कि हमें हर प्राण को राज्य में लाने के हित के लिए वह सब कुछ करना होगा जो हम कर सकते हैं, और लोगो के पास राज्य को लाना है, जिससे कि हम हमारे आत्मा से चंगे हो सके। मैं सोचता हूँ कि यीशु की देह सबसे बीमार देह है जिसे मैं जानता हूं; यह है, वो—वो देह, धरती पर मसीह की आत्मिक देह, बहुत ही बीमार है।

4 और अब, हम आपको बहुत देर रात तक रोके रखने की योजना नहीं बना रहे हैं, क्योंकि पहली रात को हमारे पास हमारे प्रिय दोस्तों के बैठने के

लिए जगह नहीं है। हम एक नए कलीसिया के निर्माण की परियोजना में हैं, यहीं इन ढेर पर एक बड़ा भवन बनाने की, या जहाँ कहीं भी प्रभु अगुवाई करेगा; लेकिन जहाँ तक हम जानते हैं, यहीं पर।

5 और अब हमने बुधवार से लेकर रविवार तक सभाये रख दी है। लेकिन तब रविवार को, क्रिसमस की छुट्टियों में बंद हो रहा है, लेकिन यह... जब भी प्रभु हमें रुकने के लिए कहेंगा, वही समय होगा। हम बस नहीं जानते कि परिणाम क्या होंगे। लेकिन यह विश्वास करते हुए कि यहाँ के लोग, भवन में और हमारी सहयोगी कलीसियाये (जो है, उनमें से एक है—है, यूटिका में होलीनेस टेबरनेकल, जिसके साथ भाई ग्राहम जुड़े हुए पास्टर हैं, और न्यू अल्बानी में जहां भाई—भाई जूनी जैक्सन पास्टर हैं, और वहां उस महामार्ग पर भी जहां भाई रुडेल पास्टर हैं), हम और वे, इस भवन की सहयोगी कलीसियाये, हम हमारे... लोगो को मसीह के साथ एक बेहतर संगति में लाने की कोशिश कर रहे हैं। यही हमारा उद्देश्य है। इसलिए मैंने अगली कुछ रातों के लिए पढ़ने और सिखाने के लिए चुना है...

6 आज रात मैं इस विषय पर बोलना चाहता हूँ: *पवित्र आत्मा क्या है?* और कल रात, मैं इस पर प्रचार करना चाहता हूं: *इसे किस लिए दिया गया था?* और शुक्रवार की रात को... और, रिकॉर्डर के लिए, मैं नहीं चाहता कि इस शुक्रवार की रात को रिकॉर्ड किया जाए: *मुझे पवित्र आत्मा कैसे मिलेगा?* और *मैं कैसे जानूंगा जब मेरे पास ये होता है?* और फिर हम बस जाने देंगे, उसके बाद देखेंगे कि शनिवार और रविवार के लिए प्रभु हमारी क्या अगुवाई करेगा। और रविवार की सुबह, एक चंगाई की सभा करेंगे, और रविवार की रात के लिए एक और सुसमाचारक की सभा होगी।

7 और अब हम चाहते हैं कि हर एक जन जान जाए कि... और मैं जानता हूँ कि रिकॉर्डर पीछे के कमरे में चल रहे हैं, और हम इसे कहना चाहते हैं। क्योंकि, इस तरह की इन सभाओं में, जो सुसमाचारक के तरह की है, हमारे पास विभिन्न कलीसियाओ के संप्रदायों के लोग हैं जिन्हें उनके अपने ही विश्वास के क्षेत्र में शिक्षित किया गया है, हर एक को। और यह सब ठीक है। मैं कभी भी भाइयों के बीच मतभेद बोने का दोषी नहीं होना चाहूंगा। और वहां बाहर की सभाओं में, मैं केवल वचन के महान सुसमाचारिक सच्चाईयों का प्रचार करता हूँ, उस बात पर जो भाई लोग मेरी सभा को प्रायोजित करते है क्या विश्वास करते हैं। लेकिन, यहाँ भवन में, मैं—मैं उस पर बोलना

चाहता हूं जो हम विश्वास करते हैं। इसलिए, यदि आप—यदि आप इसे नहीं समझते हैं, तो आप एक छोटा सा पत्र या कुछ लिखकर मुझे देंगे तो बहुत खुशी होगी, कि मुझसे एक प्रश्न को पूछे कि—कि हम ऐसा इसे इस प्रकार से क्यों विश्वास करते हैं। और मुझे खुशी होगी कि इसे सबसे अच्छी तरह से समझाने की कोशिश करूँ जितनी मैं कर सकता हूं।

8 आप जानते हैं, हर एक कलीसिया, यदि आपके पास कोई सिद्धांत नहीं है, तो आप एक कलीसिया नहीं हैं। आपके पास कुछ ऐसा होना है जिसके लिए आप खड़े हों सके, कोई तो मूल तत्व जिन्हें आप पकडे हुए हो। और ये बात की परवाह किये बिना कि वो व्यक्ति क्या बात से संबद्ध रखता है या उसकी कौन सी संप्रदाय हो सकती है, यदि वो व्यक्ति परमेश्वर की आत्मा से जन्मा है, तो वह मेरा भाई है या मेरी बहन है, चाहे कुछ भी हो... हम दूसरी बातों में भिन्न-भिन्न हो सकते हैं, जितना पश्चिम से पूर्व दूर होता है, लेकिन हम फिर भी भाई हैं। और मैं कुछ भी नहीं करूंगा, लेकिन उस भाई को मसीह के नजदीक लाने की कोशिश करूंगा, बेहतर तरह चलने के लिए सहायता करने की कोशिश करूंगा। और मेरा विश्वास है कि कोई भी वास्तविक, सच्चा मसीही मेरे लिए भी ऐसा ही करेगा।

9 अब, मैंने इस भवन से पूछा... अब, हम इसमें ऐसे ही एक लंबे समय के सभा के लिए प्रवेश नहीं कर रहे हैं। मैं इसमें प्रवेश करना चाहता हूं, और मैं आपसे चाहता हूं, और आपसे अपेक्षा की है कि आप हर एक पुल को जला डालो जो आपके पीछे है, और हर एक पाप को सही कर ले, कि हम इसमें वो सब कुछ लेकर आ रहे हैं जो हमारे ह्रदय और जीवन में है। हमें अपने प्राण को प्रभु के आगमन के लिए तैयार करने के एकमात्र उद्देश्य के लिए यहां आना अवश्य है, और किसी दूसरें उद्देश्य के लिए नहीं। और जैसा मैंने बताया है और कहा है, कि हो सकता है कि कभी-कभी मैं कुछ ऐसी शिक्षा को दे सकता हूँ या ऐसा कुछ कह सकता हूँ जो हो सकता है किसी और के विपरीत हो, जिस तरह से वे इसे विश्वास करते है। मैं—मैं वाद-विवाद के लिए नहीं—नहीं आया, आप देखो, मैं—मैं आया... हम यहां पर प्रभु के आगमन की तैयारी करने के लिए हैं। और मैं सोचता हूँ कि यह छोटा सा झुण्ड...

10 मैं जानता हूँ कि यहां मेरे साथ कुछ भेट करने भाई लोग आये हैं, जो विभिन्न स्थानों से है, और हम उन्हें पाकर खुश हैं। और कोई संदेह नहीं

लेकिन वहां श्रोतागण में से कितने है, जो वहां बाहर के दूसरे शहर से है, हमारे छोटे से जुड़ने वाले शहरों के आसपास से है। और हम आपको पाकर खुश हैं, और आपकी बहुत ही सराहना करते हैं, कि आप हमें इतना प्रेम करते हैं कि इन बातों को सुनने के लिए आएं है। परमेश्वर... होने पाए आप अपने साथ घर ले जाये, मेरे भाईयो, बहनो, उस सबसे बहुमूल्य खजाने को जिसे परमेश्वर आपके ह्रदय में डाल सकता है, यही मेरी प्रार्थना है।

11 और इस छोटे से भवन के लिए, इसे देखते हुए कि मैं विश्वास करता हूँ कि ये उन बेहतरीन लोगों में से एक है जो मैं सोचता हूँ कि धरती पर है, इस भवन में जाता है। अब, मैंने कभी नहीं कहा “सभी” बेहतरीन लोग। मैंने कहा कि धरती के कुछ बेहतरीन लोग इस भवन में जाते हैं। लेकिन जैसे दिन प्रति दिन, वापस प्रवेश करते है, सभा से सभा में प्रवेश करते है, वैसे ही मुझे इस भवन की बड़ी जरुरत दिखाई पड़ती है, इसमें एक बड़ी जरुरुत है, और वह है एक भरा जाना, या एक समपर्ण, एक गंभीर जीवन, परमेश्वर के साथ नजदीक से चलना। और मैंने उनसे ऐसा करने की प्रतिज्ञा की है, कि उनके लिए इन संदेशो को रखूं। और हमें आपको इसमें लाने के लिए और हमारे साथ वचन के इर्द–गिर्द सहभागिता करने के लिए खुशी हैं, जैसे हम शिक्षा देते हैं और इन बातों को बाहर लाने की कोशिश करते हैं।

12 अब, पहली तीन रातो को हम प्रचार करने के लिए कोई विषय नहीं लेंगे, लेकिन परमेश्वर के वचन से शिक्षा देने के लिए एक संदेश लेंगे।

और अब, क्योंकि, मैं किसी से ऐसा कुछ भी करने के लिए नहीं कहूँगा जो मैं स्वयं नहीं करूँगा। और यह सप्ताह मेरे लिए पूर्ण एक कलवरी रहा है। मैं अंधकार होने के—के बहुत ही नजदीक रहा हूँ, जैसा कि मैं इसे रखूंगा, इतना तक कि मैं लगभग अपने आपे में नहीं था। लेकिन मैंने पूरी तरह से हर एक इच्छा को समर्पित किया है, और हर एक उस चीज को जिसे मैं जानता हूं, प्रभु को समर्पित किया है।

13 एक रात, लगभग मध्य रात कुछ समय के बाद, पत्नी और मैं, बैठने के बाद, और प्रार्थना कर रहे थे और प्रभु से बातें कर रहे थे, छोटे से स्टूल पर... हमारे सामने के कमरे में, दो खुली बाईबिल के साथ, हमने खुद को परमेश्वर के लिए नए सिरे से समर्पित किया, एक सम्पूर्ण सेवा के लिए, कि

हम अपने खुद की ईच्छाओ को समर्पण करे, और हर एक चीज, और हर एक नकारात्मक विचार, और प्रभु यीशु की सेवा करने के लिए।

और मुझे विश्वास है कि आपका भी यही मनोभाव रहा है, कि आपने भी इसी बात को किया है। फिर जब हम आज रात को आ रहे हैं, तो पवित्र भूमि पर आ रहे हैं, उन लोगों के बीच जो प्रार्थना करते हैं, और उपवास करते है, और प्रायश्चित करते है, और परमेश्वर से कुछ तो पाने के लिए तैयार हो रहे है। और मैं जानता हूं, कि जो भूखा आएगा, वह भूखा नहीं जाएगा, लेकिन परमेश्वर जीवन की रोटी को खिलाएगा।

14 अब, इससे पहले कि हम उसकी पवित्र किताब को पढ़ें, आइए हम प्रार्थना करने के लिए कुछ क्षण के लिए हमारे सिरो को झुकाये।

15 प्रभु, आज रात इस स्थान पर पहले ही प्रार्थना की जा चुकी है। वहाँ पर... सिय्योन के गीतो को आपके बच्चों के द्वारा गाया गया हैं। उनके हृदय ऊपर उठ चूके है। और हम यहां पर खुद को आपको समर्पित करने के लिए आए हैं, और हमारे प्राण की गहराई से आपकी आराधना करने के लिए आए हैं। और हम इसे आपके स्मरण के लिये बता रहे हैं, प्रभु, कि जब आपने पहाड़ पर बैठकर आपके चेलों को शिक्षा दी, आपने कहा, “धन्य हैं वे जो धर्म के भूखे और प्यासे हैं, क्योंकि वे तृप्त किए जायेंगे।” आपने इसकी प्रतिज्ञा की, प्रभु। हम आज रात खुले हुए हृदय से आते हैं। हम भूखे और प्यासे आ रहे हैं, और हम जानते हैं कि आप अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करेंगे।

16 जैसा कि हम बाइबल के इन पवित्र पन्नो को खोलने का यत्न करते हैं, ताकि इसके अंदर के बातों को पढ़े, होने पाये कि पवित्र आत्मा तब इसे हर एक हृदय में ले जाए। और होने पाये कि वो बीज गहराई में जाकर गिरे, बहुतायत सा विश्वास जो वचन के द्वारा की गई हर एक प्रतिज्ञा को पूरा करेगा। प्रभु, हमारी सुने, और हमें शुद्ध कीजिये, और हमें परखे। और यदि हमारे विषय में कोई अशुद्ध बात है, प्रभु, कोई भी अस्वीकृत पाप, और कुछ भी जो सही नहीं है, इसे अभी प्रकट कीजिये, प्रभु, हम सीधे जाकर और इसे सही करेंगे, क्योंकि हम महसूस करते है कि हम प्रभु यीशु के आगमन की परछाई में जी रहे हैं। और हे पवित्र परमेश्वर, हम आज रात आपके—आपके न्याय की छाया में आये हैं, और हम हमारे जीवन में एक नये सिरे

से समर्पण करते है, और पवित्रीकरण, और पवित्र आत्मा से भरने के लिए विनंती करते हैं।

17 देखते हुए कि बेदारी की आग धुंधली पड़ने लगी है, आइए हम वचन की लकड़ी को फेंके, जिससे कि ये एक नई आग को सुलगा सके, कि हमारे हृदय जोश से भर जाए। प्रभु, हमें आपके बहुमूल्य वचन और अपने लहू और आपके अनुग्रह के जरिये से पवित्र करें, हम विनंती करते हैं। और सारा धन्यवाद और स्तुति आपको मिले। हमारे हृदय से सारे पक्षपात ले लीजिये। हे प्रभु, हमें शुद्ध करे। हमें शुद्ध हृदय, और शुद्ध हाथ, और शुद्ध मन दीजिये, जिससे कि हम आपके पवित्रस्थान में आ सके, रात के बाद रात, आनन्दित होते हुए और आपकी आत्मा से भरे हुये। हम इसे यीशु के नाम में और उसकी खातिर मांगते हैं। आमीन।

18 मैं ठीक अभी वचन को पढ़ना चाहूंगा। और जब… मैं आपसे चाहता हूँ कि अपनी बाइबल, अपनी कलम, अपने पन्नो को, वचनो के लिए लेकर आये। यदि आप ऐसी इच्छा रखते हैं, तो यह बहुत अच्छा होगा। और अब जब आप प्रेरितों के काम के 7 वें अध्याय को निकालते हैं, आरंभ करने के लिए; प्रश्न के उत्तर के लिए, या इस प्रश्न के उत्तर को देना आरंभ करते हुए: *पवित्र आत्मा क्या है?*

19 कुछ भी ऐसा नहीं है जो शैतान को पराजित करेगा, धरती पर अभी तक ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है, जो परमेश्वर के वचन की तरह शैतान को हरा सके। यीशु ने अपने बड़े युद्ध में इसका उपयोग किया; उसने कहा, "ऐसा लिखा है… "

20 और आज सुबह, जब मैं सुन रहा था, कुछ दिन पहले के, एक प्रसारण को जो ऐसा दिखा कि इसने बताना चाहा कि सृष्टि बस कुछ एक साथ उड़कर कुछ राख से ऊपर आई, और और कुछ फॉस्फेट, और धरती के कुछ रसायन, और गर्म सूर्य के प्रकाश ने जीवन के जीवाणु की सृष्टि की और जीवन को बाहर लाया। कितना हास्यास्पद है! जब कि, सूर्य का प्रकाश किसी भी जीवन के जीवाणु को मार डालेगा। एक जीवाणु को बाहर सूर्य के प्रकाश में रखें, यह उसे तुरंत मार डालेगा। और ऐसी कोई बात ही नहीं है; लेकिन ये तो शैतान मुझे घूँसा मारने की कोशिश कर रहा है। और जब मैं अपनी छोटी रिबका को आज सुबह विद्यालय लेकर गया था, और वापस रास्ते पर आते हुए, मैंने फिर से रेडियो को चालू करने लगा; और

मैंने सोचा कि मैं उन बातो में फिर से जाऊंगा, इसलिए मैंने इसे वापस बंद कर दिया।

और जब मैं रास्ते पर ऊपर जा रहा था, तो शैतान ने मुझ से कहा, उसने कहा, "क्या तुम जानते हो कि यह मनुष्य जिसे तुम यीशु कहते हो, वो एक मनुष्य के जैसा ही था, एक दिन उसके दिन में, बिली ग्राहम या ओरल रॉबर्ट्स के जैसे ही था? वो बस एक मनुष्य ही था कि उसके पास कुछ लोग इकट्ठा होने लगे और कहने लगे कि वो एक महान व्यक्ति है, और थोडे समय के बाद वो बड़ा व्यक्ति बन गया, और फिर वो उनके लिए एक—एक परमेश्वर बन गया था। और अब ये सारे संसार में फ़ैल गया है, क्योंकि वो मर चुका है, और बस ऐसा ही है।"

21 मैंने सोचा, "तुम कितने झूठे हो!" और उसके बाद मैं मुड़ा तभी जब मैं ग्राहम स्ट्रीट को पार कर रहा था। मैंने कहा था, "शैतान, तू जो मेरे विवेक से बात कर रहा है, मैं तुमसे कुछ बातों को पूछना चाहता हूँ: ये कौन था जिसके बारे में इब्रानी भविष्यवक्ताओं ने बात की थी कि वो आएगा? वो अभिषिक्त मसीहा कौन था? उस मनुष्य के ऊपर क्या था जिसने उसके यहाँ आने से हजारों वर्ष पहले उसे देखा था और उसके जीवन के बारे में बताया था? कौन था जिसने इसे शब्द दर शब्द पहले से ही बताया था? और जब वो आया, तो उन्होंने कहा, 'वह अपराधियों के साथ गिना गया था,' और उसे गिना गया था। 'वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल हुआ था,' और वह हुआ था। 'उसने अपनी कब्र धनी के साथ बनाई, लेकिन वो तीसरे दिन जी उठेगा,' और वो जी उठा। और उसके बाद उसने पवित्र आत्मा की प्रतिज्ञा की, और मैंने इसे पा लिया है। तो हो सके तो तुम इससे अच्छा होगा दूर ही रहो, क्योंकि यह वचन में लिखा है, और हर एक वचन सच्चा है।" तब वो चला गया। केवल उसे वचन को दे दें, यही उसे भगाता है। वो उस वचन के सामने खड़ा नहीं हो सकता, क्योंकि यह प्रेरणा से है।

आइए आज रात को प्रेरितों के काम की किताब के 7 वें अध्याय से पढ़ना आरंभ करें।

तब महायाजक ने कहा, क्या ये बातें यों ही है?

उस ने कहा, हे भाइयो, और पितरो सुनो; हमारा पिता अब्राहम हारान में बसने से पहिले जब मिसुपुतामिया में था, तो तेजोमय परमेश्वर ने उसे दर्शन दिया,

और उस से कहा कि तू अपने देश और अपने कुटुम्ब से निकलकर उस देश मे चला जा, जिसे मैं तुझे दिखाऊंगा।

तब वह कसदियों के देश से निकलकर बाहर आया और हारान में जा बसा; और उसके पिता की मृत्यु के बाद परमेश्वर ने उस को वहां से इस देश में लाकर बसाया जिस में अब तुम बसते हो।

और उस को कुछ मीरास वरन पैर रखने भर की भी उस में जगह न दी, परन्तु प्रतिज्ञा की कि मैं यह देश, तेरे और तेरे बाद तेरे वंश के हाथ कर दूंगा, यद्यपि उस समय उसके कोई पुत्र भी न था।

... और परमेश्वर ने यों कहा; कि तेरी सन्तान के लोग पराये देश में परदेशी होंगे; और कि वे उन्हें दास बनाएंगे, और उन्हें चार सौ वर्ष तक के लिए दुख देंगे।

फिर परमेश्वर ने कहा; जिस जाति के वे दास होंगे, उस को मैं दण्ड दूंगा; और इस के बाद वे निकल कर और इसी देश में मेरी सेवा करेंगे।

और उस ने उस से खतने की वाचा बान्धी; और इसी दशा में इसहाक उस से उत्पन्न हुआ; और आठवें दिन उसका खतना किया गया; और इसहाक से याकूब और याकूब से बारह कुलपति उत्पन्न *हुए।*

22 इस स्थान पर, हम उस विषय में जाना चाहते हैं, जो मैं सोचता हूँ कि जो आज का असाधारण विषय है... *पवित्र आत्मा क्या है?* ये क्या है? और, अब, जिस कारण से मैंने इन विषय को लिया है इस तरह कतार में, आप आकर और पवित्र आत्मा को नहीं पा सकते है जब तक आप यह नहीं जानते कि यह क्या है। और आप इसे ग्रहण नहीं कर सकते, यदि आप जानते हैं कि यह क्या है, जब तक आप विश्वास नहीं करते हो कि यह आपको दिया गया है, और यह आपके लिए है। और, तब, आप यह नहीं जान सकते है कि आपने इसे पाया है या नहीं, जब तक आप ये नहीं जानते कि यह क्या परिणाम को लाता है। इसलिए यदि आप जानते हैं कि यह क्या

है, और यह किसके लिए है, और जब यह आता है तो यह किस कार्य को करता है, तब आप जान जायेंगे आपने क्या पाया है जब आप इसे प्राप्त कर लेंगे। समझे? तब इससे बात खत्म हो जाएगी।

23 बस जैसे कि मैं आज हमारे भाई जेफ्रीज़ से बात कर रहा था, और उसने कहा, "मैं आज रात की सभा में होना चाहता था, लेकिन मैं कल रात को वहां पर रहूंगा।" वो नहीं जानता था कि सभा चल रही थी, क्योंकि हमने इसकी घोषणा नहीं की थी; ठीक यहीं पर। कुछ... भाई लियो और उन्होंने हमारे कुछ मित्रो को लिखा और जो शहर से बाहर है उन्हें बताया था। तो, क्योंकि हमारे पास जगह नहीं थी।

24 अब मैंने कहा, "भाई जेफ्रीज, यदि आपने मुझे अपने तेल के कुओं में से एक को चालू करने के लिए भेजा, और मैं इसके बारे में कुछ नहीं जानता, तो मैं शायद इसे उड़ा दूंगा। मैं हो सकता है गलत चाबी को घुमा दूंगा या गलत मोटर को चालू कर दूंगा। ऐसा करने से पहले मुझे यह जानना होगा कि इसे कैसे चालू करना है।"

और पवित्र आत्मा को पाने के लिए यही तरीका है। आपको यह जानना होगा कि आप किस लिए आ रहे हैं, और इसे कैसे पाना है, और ये क्या है।

अब, पहले याद करना, पवित्र आत्मा की प्रतिज्ञा की गई थी।

25 हम इस पर दस सप्ताह ले सकते हैं और... बस इस विषय के सिरे को कभी भी नहीं छोड़ सकते है, पवित्र आत्मा क्या है। लेकिन, पहली बात, मैं इसके दृष्टिकोण को चाहता हूँ बस पर्याप्त रूप से हर रात को एक सारांश देने के लिए, उसके बाद यदि कोई प्रश्न है तो अगली रात को देखेंगे।

26 यहाँ कितने लोगों ने पवित्र आत्मा को नहीं पाया है, जिन्होंने पवित्र आत्मा से बपतिस्मा नहीं पाया है? अपने हाथ उठाये, आप जानते है कि आपने नहीं पाया है। बस मैं हाथों की ओर देखता हूँ।

अब मैं इस पर बात करना चाहता हूँ, जैसे पवित्र आत्मा एक चिन्ह है, क्योंकि यह एक चिन्ह है। हम समझते हैं कि—कि सारी प्रतिज्ञायें हमें दी गयी हैं... अब्राहम प्रतिज्ञा का पिता था, क्योंकि परमेश्वर ने अब्राहम को और उसके बाद के बीज के लिए प्रतिज्ञा दी थी। प्रतिज्ञा "अब्राहम और उसके बीज के लिए," की गई थी। और ये चिन्ह, वाचा के लोगों के लिए है।

27 अब, ऐसे ही एक मसीही और एक पवित्र–आत्मा से भरे हुए मसीही के बीच बहुत बड़ा अन्तर है। और अब हम इस बात को वचन से लेने जा रहे हैं, और इसे बिल्कुल ठीक वचन में ही रखेंगे। पहला याद रखना, एक मसीही होता है जो एक मसीही होने का दावा करता है। लेकिन यदि यह मसीही अभी तक पवित्र आत्मा से भरा हुआ नहीं है, तो वह केवल एक मसीही होने की प्रक्रिया में है। समझे? उसने इसे विश्वास करने का दावा किया है; वह इसके लिए कार्य को कर रहा है, लेकिन परमेश्वर ने अभी तक उसे इस आत्मा को नहीं दिया है, पवित्र आत्मा। वो अब तक परमेश्वर के साथ उस लक्ष्य तक नहीं पहुंचा है, जिसकी परमेश्वर ने पहचान दी है।

28 क्योंकि, जो, परमेश्वर ने अब्राहम के साथ एक वाचा बान्धी, अब्राहम को उसके बुलाने के बाद, जो आज के विश्वासी को बुलाने का एक नमूना है।

उसने अब्राहम को बुलाया, और अब्राहम अपने देश से निकलकर, और पराये देश में पराये लोगों के बीच रहने के लिए चला गया। और यह एक नमूना था जब परमेश्वर एक मनुष्य को उसकी नीचता को रोकने के लिए बुलाता है, उसके पाप से पश्चाताप करने के लिए बुलाता है। उसके बाद वो उस झुण्ड से मुड़ता है जिसमें वो रहा था, ताकि वो नये झुण्ड में रहने लगे, नए तरह के लोगों के बीच।

और फिर उसके बाद जब परमेश्वर ने अब्राहम को उस प्रतिज्ञा के प्रति विश्वासयोग्य पाया जो प्रतिज्ञा परमेश्वर ने उसे दी थी, कि उसे बालक होगा, और इस बालक के जरिये से सारी धरती आशीष पाएगी, तब परमेश्वर ने उसे एक चिन्ह देने के द्वारा उसके विश्वास की पुष्टि की, और वो चिन्ह खतना था। और खतना पवित्र आत्मा का एक नमूना है।

29 इस अध्याय के अगले ही पद में, जिसे हम अभी पढ़ रहे हैं, यदि आप इसे लिखना चाहते हैं। और यह... स्तिफनुस ने 51वें पद में कहा:

> हे हठीले... *मन और कान के खतनारिहत लोगो, तुम सदा पवित्र आत्मा का विरोध करते हो, जैसा तुम्हारे बाप दादे करते थे, वैसे ही तुम भी करते हो।*

30 खतना पवित्र आत्मा का एक नमूना है। और जब उसने परमेश्वर को उसकी प्रतिज्ञा पर स्वीकार किया था उसके बाद परमेश्वर ने अब्राहम को उस—उस खतना का चिन्ह दिया, और वो एक पराये देश में चला गया। देखा? यह एक चिन्ह था।

और उसकी सारी सन्तान और उसके बाद के उसके बीज, उनके शरीर में यह चिन्ह होना चाहिए, क्योंकि यह पहचान थी। ये उन्हें अन्य सारे लोगों से अलग करना था, यह जो खतना का चिन्ह था।

31 और यही है जो आज परमेश्वर उपयोग करता है। ये हृदय के खतने का वो चिन्ह है, वो पवित्र आत्मा, यह परमेश्वर की कलीसिया को बनाता है जो सारे संस्थाओ, मत–विश्वासो और संप्रदायों से एक अलग हुई कलीसिया है। वे सभी प्रकार के संप्रदायों में हैं, लेकिन फिर भी वे एक अलग हुए लोग हैं। आप मुझे एक मनुष्य के साथ दो मिनट बात करने दें, मैं आपको बता सकता हूं कि उसने पवित्र आत्मा को पाया है या नहीं; वैसे ही आप पता कर सकते हैं। यह उन्हें अलग करता है। यह एक छाप है। ये एक चिह्न है। और पवित्र आत्मा एक चिन्ह है। और ये...

कोई भी बालक जिसने पुराने नियम में खतना से इनकार किया, जो कि पवित्र आत्मा की प्रतिछाया था, उसे लोगों के बीच से अलग कर दिया गया। यदि उसने खतना करवाने से इन्कार कर दिया, तो वो बाकी सभा के लोगो के साथ संगति नहीं कर सकता था।

अब यह आज के लिए नमूना है। एक व्यक्ति जो पवित्र आत्मा के बपतिस्मा को लेने से इंकार करेगा, उसके पास कोई संगति नहीं हो सकती है उन लोगो के बीच जिनके पास पवित्र आत्मा है। आप बस ऐसा नहीं कर सकते। आपके पास एक स्वभाव होना है। जैसे कि, ये...

32 मेरी माँ हमेशा कहा करती थी, "समान पंखो के पक्षी एक साथ रहते हैं।" तो ठीक है, यह एक पुरानी कहावत है, लेकिन यह एक सच बात है। आप पिंडुक और कौवो की संगति को नहीं देखते हैं। उनका भोजन अलग होता है। उनकी आदतें अलग होती हैं। उनकी इच्छाएं अलग होती हैं।

और इसी तरह से संसार के साथ और मसीही के साथ होता है जब आपका पवित्र आत्मा के द्वारा *खतना* किया जाता है, जिसका अर्थ, "कुछ मांस को काटना," होता है।

33 खतना केवल पुरुष में ही हो सकता है। लेकिन यदि स्त्री किसी पुरूष से विवाह करती है, तो वह उसी का भाग बन जाती है, और उसके साथ उसका खतना हो जाता है। आपको याद है, तीमुथियुस में, जहाँ पर इसने कहा, "तौभी वो बच्चे जनने के द्वारा उद्धार पाएंगी, यदि वो संयम सहित विश्वास, और पवित्रता में स्थिर रहें।"

34 अब, खतना। आप जानते है जब... सारा उसके पीछे तम्बू में हँसी, दूत के संदेश पर, जब उसने कहा, “अब्राहम,” नहीं जानते हुए वह कौन था, एक अनजान, “तेरी पत्नी सारा कहाँ है?” उसने कैसे जाना कि उसकी एक पत्नी थी?

35 जैसा कि यीशु ने कहा, “जैसा ये लूत के दिनों में था, वैसा ही मनुष्य के पुत्र के आगमन में भी होगा।” याद रखें, वे चिन्ह संसार में, धर्मवादियों के बीच, वहां सदोम और अमोरा के लिए वचनबद्ध नहीं थे। लेकिन यह चुने हुए लोगो के लिए था, जिन्हें बुलाया गया था। और अब्राहम को बुलाया गया था। और वचन की *कलीसिया* का अर्थ होता है “बाहर बुलाये गए; अलग किये हुए,” जैसे अब्राहम ने अपने आप को अलग किया और खतना किया गया था।

और जब सारा दूत के उसी सन्देश पर हँसी, तब परमेश्वर उसे उसी जगह पर मार डालता; लेकिन वह अब्राहम की परवाह किए बिना सारा की परवाह नहीं कर सकता था, क्योंकि वे एक थे। वो उसका भाग थी। “अब तुम दो नहीं रहे, बल्कि एक हो।”

36 इसलिए, खतना, पवित्र आत्मा आज हृदय का खतना करता है। और यह एक चिन्ह है, एक दिया गया चिन्ह।

एक दिन किसी ने कहा... मैं इसे केवल दोहराता हूं, मजाक के रूप में नहीं। क्योंकि, यह सच है, लेकिन यह एक मजाक जैसा दिखाई देता है। जैसा कि मैंने अक्सर कहा है, यह कोई मजाक करने का स्थान नहीं है। लेकिन पश्चिम तट पर एक छोटा जर्मन व्यक्ति था, जहां हम अभी गये थे। उसने पवित्र आत्मा को पाया। और वो रास्ते पर चला गया, और वो कुछ थोडा सा चलता, और वो अपने हाथ को उठाकर अन्य जुबान में बोलता। और वो दौड़ता, और वह कूदता, और वह चिल्लाता। और वह काम पर था, और इसी तरह से करता रहा, और उसके मालिक ने उस से कहा, “तुम इतने दिनों से कहां हो?” हूँ–हुंह। मैं उन स्थानो को पसंद करता हूँ जहाँ तुम रहे हो। उसने कहा, “तुम अवश्य ही पागलों या नटो के उस झुंड के बीच में रहे होंगे।”

उसने कहा, “तो क्या आप सोचते हो कि वे पागल या नट हैं?”

उसने कहा, “निश्चय ही, वे हैं।”

37 उसने कहा, “तो ठीक है, उन नटो या पागलों के लिए प्रभु की स्तुति हो!” और उसने कहा, “क्या आपको पता है? वे नट एक बड़ी भूमिका को निभाते हैं।” उसने कहा, “उदाहरण के लिए, मोटरगाड़ियाँ, आप इसमें से सारे नटो को निकाल दे, आपके पास कुछ नहीं बचता है सिवाय कुछ एक ‘कबार’ के ढेर के।” सो यह लगभग सही बात है।

38 जब पवित्र आत्मा आप पर आता है आप बहुत ही अलग होते हैं, इतना तक कि इस संसार का मन आपको पसंद नहीं करता, और वे आपके विरुद्ध होते हैं, और वे आपसे बिल्कुल भी कोई लेना–देना नहीं रखना चाहते। आप दूसरे दुनिया से जन्मे हुए हैं। आप उतने ही एक अजनबी होते है, दस गुना ज्यादा अजनबी आप होंगे, मान लो आप अफ्रीका के जंगलों के सबसे दूर दराज के क्षेत्रों में चले गए हो। जब पवित्र आत्मा आता है तो आप भिन्न हो जाते हैं, और यह एक चिन्ह है। ये लोगों के बीच एक चिन्ह है।

39 अब आप कहते हो, “तब, भाई ब्रंहम, खतने का वो चिन्ह तो अब्राहम के लिए दिया गया था? ” यह सही है। “और उसके बीज के लिए? ” जी हाँ।

40 तो ठीक है, अब हम गलातियों के तीसरे अध्याय के 29वें पद की ओर जायेंगे और देखेंगे कि यह हमारे लिए किस तरह लागू हो सकता है। गलातियों 3:29, और अब देखे कि यह खतना एक अन्यजाति पर कैसे लागू हो सकता है, यदि हम अन्यजाति हैं; जो कि हम स्वाभाविक जन्म के द्वारा हैं।

अब, पहले तो, मैं 16वा पद पढ़ना चाहता हूँ।

> *अब अब्राहम और उसके बीज के लिए* प्रतिज्ञा *की गयी थी।* (अब्राहम और उसका बीज!) *उसने ऐसा नहीं* कहा, *और उन बीजो के लिए,...*

बस किसी भी तरह का... कहते है, “ओह, हम भी अब्राहम के वे बीज है।” बीजो के लिए नहीं। एक “बीज, ” के लिए है, अब्राहम का बीज!

> ... *वह यह* नहीं *कहता, कि बीजो को; जैसे बहुतों के विषय में कहा, पर जैसे एक के विषय में और कि—कि* वे... *और तेरे बीज को: और वह मसीह है।*

41 मसीह अब्राहम का बीज था। क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] तो ठीक है, अब आइये हम 28वें और 29वें पद को लेते हैं।

अब न कोई यहूदी रहा और न यूनानी; न वहां *कोई दास, या न स्वतंत्र,* न *कोई नर या न नारी: क्योंकि* हम *सब मसीह यीशु में एक हो।*

और यदि तुम मसीह के हो, तो तुम *अब्राहम के बीज और प्रतिज्ञा के अनुसार वारिस भी हो।*

हम किस तरह से "अब्राहम का बीज" होते है? मसीह में होने के द्वारा, तब हम अब्राहम के बीज होते हैं। और अब्राहम का बीज क्या था? जैसे, हम रोमियों 4 और दूसरे स्थानों पर जाकर आगे देख सकते हैं।

जब अब्राहम का खतना हुआ था उस समय पर उसने कभी भी प्रतिज्ञा को नहीं पाया। यह दिखाने के लिए कि खतना तो केवल एक नमूना था, उसका खतना होने से *पहले* उसने प्रतिज्ञा को पाया था। और ये उसके विश्वास की पहचान का एक नमूना था, जो उसके पास खतने से पहले था।

42 अब, जब हम मसीह में होते हैं, तो हम अब्राहम के बीज बन जाते हैं और मसीह के साथ वारिस होते हैं, इसलिए, कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम कौन हैं, यहूदी या अन्यजाति।

और, "अब्राहम का बीज," अब्राहम के बीज के पास अब्राहम का विश्वास होता है, जो परमेश्वर को उसके वचन में लेता है। भले चाहे ये कितना भी हास्यास्पद दिखाई देता हो, भले ही आप कैसा भी असाधारण व्यवहार करते हो, भले ही आपको ये कितना भी विचित्र बनाता हो, आप किसी भी बात पर ध्यान दिए बिना परमेश्वर को उसके वचन पर लेते हैं।

43 अब्राहम पचहत्तर वर्ष का था, और सारा पैंसठ वर्ष की, उन्होंने परमेश्वर को उसके वचन पर लिया, और कोई भी चीज जो इसके विपरीत थी उसे ऐसा माना जैसे कि ये चीज थी ही नहीं। आपको क्या लगता है कि डॉक्टरों ने उस दिन पर क्या सोचा होगा? आपको क्या लगता है, कि लोगों ने क्या सोचा होगा, जब उन्होंने एक बूढ़े मनुष्य को देखा, वो पचहत्तर वर्ष का बुढा, जो यहाँ–वहां परमेश्वर की स्तुति करते हुए घूम रहा है, उसे उसकी पत्नी के द्वारा "बालक होने जा रहा है" और उसकी उम्र पैंसठ वर्ष की थी, रजोनिवृत्ति को लगभग पचीस वर्ष बीत चूके थे? लेकिन, आप

देखो, ये आपको विचित्र सा व्यवहार करने को लगाता है, अब्राहम का विश्वास।

44 और जब आपका पवित्र आत्मा से खतना किया जाता है, तो ये आपके लिए ऐसा ही करता है। ये आपको उन चीजो को करने को लगाता है जो आपने नहीं सोचा था कि आप करेंगे। ये आपको परमेश्वर की प्रतिज्ञा को लेने और परमेश्वर पर विश्वास करने को लगाता है।

45 अब, ये एक—एक प्रतिज्ञा और एक चिन्ह के भी अलावा, यह एक मोहर भी है। अब यदि आप मेरे साथ रोमियों की ओर जाये। पहले, मैं चाहता हूं कि आप मेरे साथ इफिसियों 4:30 की ओर चले, और आइये यहां बस एक मिनट के पढ़ते हैं। इफिसियों 4:30 यह कहता है।

अब, आपने बहुत से लोगों को यह कहते सुना होगा कि भिन्न–भिन्न चीजें मोहरे हैं। "यदि आप कलीसिया में जाते हैं, तो आपके पास कलीसिया की मोहर है।" और कुछ लोग कहते हैं, "ये एक निश्चित दिन को रखा जाना है, एक सब्त का दिन, यही—यही परमेश्वर की मोहर है।" उनमें से कुछ कहते हैं, "यदि हम अपनी सदस्यता को किसी एक संप्रदाय में रखते हैं, तो हम परमेश्वर के राज्य में मोहर हो जाते है।"

46 अब, बाइबल ने कहा, "हर एक मनुष्य का वचन झूठा ठहरे, और परमेश्वर का सत्य हो।" अब, इफिसियों 4:30 इस प्रकार कहता है:

और परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित मत करो, जिस से तुम पर छुटकारे के दिन के लिये छाप दी गई है।

47 मुझे अब इस पर थोड़ा सा सख्त होना पड़ेगा, इन बातों को रखने के लिए। अब, आप जो नियम को मानने वाले भाई लोग है, बस थोडी देर के लिए शांती बनाये रखे। समझे? क्या आपने ध्यान दिया कि यह मोहर कितने समय तक रहती है? ना ही अगली बेदारी तक, अगली बार जब तक कुछ गलत नहीं हो जाता है। "तुम्हारे छुटकारे के दिन तक," इतने दूर तक आप मोहरबंद हैं। "तुम्हारे छुटकारे के दिन तक," जब आप परमेश्वर के साथ होने के लिए छुटकारा पाते हैं, इतनी दूर तक पवित्र आत्मा आपको मोहरबंद करता है। ना ही बेदारी से बेदारी तक; लेकिन अनन्तता से अनन्तता तक, आप पर पवित्र आत्मा के द्वारा मोहर लगाई गई है।

यही वो पवित्र आत्मा है, यह परमेश्वर की मोहर है, जिसे उसने पाया… आपने उसकी दृष्टि में अनुग्रह को पाया है, और वो आपसे प्रेम करता है, और

वो आप पर विश्वास करता है, और उसने आप पर अपनी मोहर को लगाया है। मोहर क्या है? कोई एक... क्योंकि, एक *मोहर* वर्णन करती है या इसका अर्थ है एक "समाप्त हुआ काम।" आमीन। परमेश्वर ने आपको बचाया है, आपको पवित्र किया है, आपको शुद्ध किया है, आपके पक्ष में पाया है, और आपको मोहर किया है। वो समाप्त हुआ है। आप अपने छुटकारे के दिन तक उसके उत्पादन हैं। एक *मोहरबंद* "पूरा हुआ काम," होता है।

पवित्र आत्मा क्या है? ये एक चिह्न है। हम उस पर थोड़ी देर बाद जायेंगे, एक दूसरे संदेश में, वो चिन्ह जिसके बारे में पौलुस ने बोला था। अन्य भाषा बोलना विश्वासियों के लिए, मतलब अविश्वासियों के लिए एक चिन्ह था।

48 अब ध्यान दें, लेकिन, इसमें, पवित्र आत्मा एक चिन्ह है। मेरा मतलब... और पवित्र आत्मा एक मोहर है। यह एक चिन्ह है जो परमेश्वर ने अपने चुने हुए बच्चों को दिया है। इसे अस्वीकार करना, ये लोगों से अलग हो जाना है; और इसे ग्रहण करना, संसार और संसार की सारी चीजो से समाप्त हो जाना है, और एक उत्पादन होने के लिए जिस पर परमेश्वर ने स्वीकृति की मोहर लगाई है।

49 मैं यहाँ पर हैरी वाटरबेरी के साथ रेलमार्ग पर काम किया करता था, और हम एक गाड़ी के डिब्बे में सामान लादने के लिए वहां जाते थे। मेरा भाई, डॉक्, वहां पीछे खड़े होकर, गाड़ी के डिब्बे में सामानो को लादने में सहायता करते थे। जब एक गाड़ी के डिब्बे में समान को भरा जाता है, तो वे उस गाड़ी के डिब्बे की जाँच करते हैं, वो निरिक्षक या जाँच करने वाले, और यदि उसे कोई भी चीज ढीली-ढाली मिले, जहाँ से वो चीज गिर जाये और टूट जाये, या किसी भी चीज जो ख़राब कर देगी; तो वो उस गाड़ी के डिब्बे को तब तक मोहर नहीं करेगा जब तक कि वो गाड़ी का डिब्बा पूरी तरह से भर न जाये, यहाँ तक कि पूरी तरह से भर ना जाए और ऐसा करने से, उस गाड़ी के चलने पर जो हिलावट होती है उससे अंदर के उत्पादन को कोई परेशानी नहीं होगी।

50 यही वो कारण है कि हमें इतनी मोहर नहीं लगती; हम चीजों के विषय में बहुत ही ढीले-ढाले हैं। जब निरीक्षक करने वाला आपके जीवन की जाँच करता है, यह देखने के लिए कि क्या आप चीजों के विषय में थोड़े कहीं ढीले-ढाले तो नहीं हैं, क्या आपके प्रार्थना के जीवन के विषय में

थोडे ढीले–ढाले है, मनःस्थिति के विषय में थोडे ढीले–ढाले है, जुबान के विषय में थोडे ढीले–ढाले है, दूसरों के बारे में बात करने के विषय, वो कभी भी गाडी के डिब्बे को मोहर नहीं करेगा। कुछ गंदी आदतें, कुछ घिनौनी बातें, कुछ अश्लील विचार, वो गाडी के डिब्बे को मोहर नहीं कर सकता है।

लेकिन जब वो निरीक्षक हर एक चीज को अपने स्थान पर पाता है, उसके बाद वो इसे मोहरबंद कर देता है। कोई भी उस मोहर को खोलने की हिम्मत नहीं करेगा जब तक कि वो गाडी का डिब्बा अपने मंजिल तक नहीं पहुंच जाता जहां के लिए उसे मोहर किया गया है! वहां है ये। “मेरे अभिषिक्त को मत छुना; मेरे भविष्यव्यक्ताओ की कोई हानि न पहुँचाना। क्योंकि मैं तुमसे कहता हूं, कि तेरे लिये अच्छा होगा, कि तेरे गले में चक्की का पाट लटकाया जाता, और तुम्हे समुद्र की गहराइयों में डूबा दिया जाता, यहां तक कि इनमें से छोटे से छोटे पर, जो मोहर हुए है, उन्हें ठेस पहुँचाने या कुछ हिलाने की कोशिश करने पर भी।” आपने देखा इसका क्या मतलब है?

51 यही वो पवित्र आत्मा है। यही आपका आश्वासन है। यही आपकी सुरक्षा है। यही आपका गवाह है। यही आपकी मोहर है। यही आपका चिन्ह है, “मैं स्वर्ग से बंधा हुआ हूँ। इसकी चिंता मत करो कि शैतान क्या कहता है! मैं स्वर्ग से बंधा हुआ हूँ। क्यों? उसने मुझे मोहरबंद किया है। उसने मुझे इसे दिया है। उसने मुझे अपने राज्य में मोहरबंद किया है, और मैं महिमा से बंधा हुआ हूँ! हवाओ को चलने दो, शैतान को करने दो जो वह करना चाहता है। परमेश्वर मुझे मेरे छुटकारे के दिन तक मोहरबंद कर चूका है।” आमीन! यही है वो जो पवित्र आत्मा है। ओह, आपको यह चाहिए। मैं इसके बिना नहीं चल सकता। वहाँ बहुत कुछ कहा जा सकता है, लेकिन मुझे पक्का है कि आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बोल रहा हूँ।

52 अब, आइए हम केवल एक मिनट के लिए यूहन्ना 14 की ओर भी जायेंगे। मैं बस वचन से प्रेम करता हूँ! यही सचाई है।

53 अब, परमेश्वर का आत्मा, वो पवित्र आत्मा, पवित्र आत्मा क्या है? यह आप में मसीह की आत्मा है। अब, इससे पहले कि हम पढ़ें, मैं यहां कुछ टिप्पणीयों के शब्दों को कहना चाहता हूं। पवित्र आत्मा क्या है? यह एक मोहर है। पवित्र आत्मा क्या है? यह एक वाचा है। पवित्र आत्मा क्या

है? ये एक चिह्न है। तब पवित्र आत्मा क्या है? यह एक... यीशु मसीह की आत्मा आप में है। समझे? “थोड़ी देर रह गई है,” यीशु ने कहा, “और ये संसार मुझे फिर ना देखेगा; तौभी तुम मुझे देखोगे, क्योंकि मैं तुम्हारे साथ रहूंगा, यहां तक कि तुम में रहूंगा, संसार के अंत तक।” उसकी कलीसिया में परमेश्वर की आत्मा!

54 किस लिए? उसने इसके लिए क्या किया? यह जरा सा कल रात के विषय पर है। लेकिन उसने इसके लिए क्या किया? उसने क्यों किया, क्यों पवित्र आत्मा... क्या, वो किस लिए आया था? वह आपके अंदर किस लिए आया, वह मुझमें किस लिए आया? यह परमेश्वर के कामो को जारी रखने के लिए था।

55 “मैं हमेशा वही करता हूँ जो मेरे पिता को प्रसन्न करता है। मैं अपनी इच्छा को करने के लिए नहीं आया, लेकिन पिता की इच्छा को जिसने मुझे भेजा है, उसे करने आया हूँ। और पिता जिस ने मुझे भेजा है वो मेरे साथ है; और जैसे मेरे पिता ने मुझे भेजा है, वैसे ही मैं तुम्हें भेजता हूं।” ओह, परमेश्वर! [भाई ब्रन्हम अपने हाथों से दो बार ताली बजाते हैं—सम्पा।] पिता ने उसे भेजा, उसमें गया। पिता जिस ने यीशु को भेजा, उसमें आया, उसके द्वारा कार्य किया।

यीशु जो आपको भेजता है, आपके साथ जाता है और आप में होता है। और यदि वो आत्मा, जो यीशु मसीह में रहकर, उससे करवाया, जिस तरह से कार्य उस ने किया, आपके पास कुछ सामान्य विचार होंगे कि जब यह आप में होगा, तो यह कैसे करेगा, क्योंकि परमेश्वर का जीवन बदल नहीं सकता है। यह एक देह से दूसरे देह में जाएगा, लेकिन ये परमेश्वर के स्वभाव को नहीं बदल सकता, क्योंकि यह परमेश्वर है।

56 अब यूहन्ना 14 में, अब आइए थोड़ा सा ही पढ़ेंगे, 10 वें पद से आरंभ करते हुए।

> क्या तुम प्रतीति करते हो... कि मैं पिता में हूं; और पिता मुझ में है? *वे* काम... *ये बातें जो मैं तुम से कहता हूं, अपनी ओर से नहीं कहता: परन्तु पिता मुझ में रहकर अपने काम को करता है।* (इस पर सोचे अब।)
>
> *मेरी ही प्रतीति करो, कि मैं पिता में हूं; और पिता मुझ में है: नहीं तो कामों ही के कारण मेरी प्रतीति करो।*

मैं तुम से सच–सच कहता हूं, कि जो मुझ पर विश्वास रखता है, ये काम जो मैं करता हूं वह... भी करेगा; वरन इन से भी बड़े काम करेगा; क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं।

क्या आप नहीं देखते? देखा उसने वहाँ किस तरह से कहा? अब इसे देखिए, यह कैसे बाहर आता है। मैं अब थोड़ा सा आगे पढ़ूंगा। हम आगे 20वें पद को पढ़ने जा रहे हैं। "और जो कुछ तुम मांगोगे... " आइये देखते हैं, मेरे पास... हाँ। हूँ–हुंह। ठीक है।

और जो कुछ तुम मेरे नाम से मांगोगे, वही मैं करूंगा कि पुत्र के द्वारा पिता की महिमा हो।

यदि तुम मुझ से मेरे नाम से कुछ मांगोगे, तो मैं उसे करूंगा।

यदि तुम मुझ से प्रेम रखते हो, तो मेरी आज्ञाओं को मानोगे।

और मैं पिता से बिनती करूंगा, (अब ध्यान देना) *और वह तुम्हें एक और सहायक देगा, कि वह सर्वदा तुम्हारे साथ रहे;*

अर्थात सत्य का आत्मा; जिसे संसार ग्रहण नहीं कर सकता, क्योंकि वह न उसे देखता है और न उसे जानता है: लेकिन तुम उसे जानते हो, क्योंकि वह तुम्हारे साथ रहता है, और वह तुम में होगा।

57 तब वो आत्मा कौन है? पवित्र आत्मा क्या है? यह मसीह आप में है। वो सहायक, यही पवित्र आत्मा है। "और जब वो सहायक आता है, तो वो उन्ही कामो को करेगा जो मैंने किये, जब वो सहायक मुझ में होता है। मैं पिता से विनंती करूंगा, और वह तुम्हें इस सहायक को देगा। आप सहायक को जानते हैं। संसार उसे नहीं जानता, कभी नहीं जान पाएगा। लेकिन तुम उसे जानते हो क्योंकि वह अब तुम्हारे साथ रहता है," यीशु बोल रहा है, "लेकिन वो तुम में होगा।" वहाँ पर आप हो, यही वो सहायक है, "तुम में होगा।"

मैं तुम्हें अनाथ न छोडूंगा: मैं तुम्हारे पास आता हूं।

"मैं नहीं... " अब, यही वो सहायक, मसीह है। यही है जो पवित्र आत्मा है, वही मसीह है।

और थोड़ी देर रह गई है कि फिर संसार मुझे न देखेगा; परन्तु तुम मुझे देखोगे: इसलिये कि मैं जीवित हूं, तुम... भी जीवित रहोगे।

58 ओह, हम आगे और आगे जा सकते है; लेकिन, आपको बता देंगे। वो है क्या? वो एक मोहर है। वो एक चिन्ह है। वो एक ढाढ़स देने वाला है। देखा वो सब क्या है? अब्राहम का बीज इसका उत्तराधिकारी है।

59 आइए अब इसे भी देखेंगे कि... वो सहायक इसके अलावा और क्या है। आइए पहले यूहन्ना 16:7 पर जायेंगे, देखेगे कि क्या वो एक वकील भी नहीं है। आप जानते हैं कि एक वकील क्या होता है, एक वकालत करता है। हमारे पास एक वकील है। हम यह जानते हैं। पहला यूहन्ना 16 वा अध्याय... ओह, एक मिनट रुकना, मुझे क्षमा करें। संत यूहन्ना, यह 16:7 है। मुझे क्षमा करे। मुझे यकीनन खेद है कि मैंने ऐसा कहा। मैंने यह गलत पढ़ा... 16:7 निकाले।

तौभी मैं तुम से सच कहता हूं; कि मेरा जाना तुम्हारे लिये अच्छा है: क्योंकि यदि मैं न जाऊं, तो वह सहायक तुम्हारे पास न आएगा; परन्तु यदि मैं जाऊंगा, तो उसे तुम्हारे पास भेज दूंगा।

और वह आकर संसार को पाप और धामिर्कता और न्याय के विषय में निरूत्तर करेगा:

पाप के विषय में इसलिये कि वे मुझ पर विश्वास नहीं करते;

और धामिर्कता के विषय में इसलिये कि मैं पिता के पास जाता हूं, और तुम मुझे फिर न देखोगे;

न्याय के विषय में, इसलिये कि संसार का सरदार दोषी ठहराया गया है।

60 ओह! अब, वो वकील, पहला यूहन्ना 2:12 में—में पाया जाता है। अब आइए इसे पढ़ते हैं, बस एक मिनट, पहला यूहन्ना 2:12। मैं आपसे क्षमा चाहता हूँ, ये पहला यूहन्ना... 1 और 2 है। मैंने इन्हें लिख कर रखा है, पहला यूहन्ना 2:1 से 2 तक।

मेरे बालकों, मैं ये बातें तुम्हें इसलिये लिखता हूं, कि तुम पाप न करो। और यदि कोई पाप करे, तो पिता के पास हमारा एक सहायक है, अर्थात धार्मिक यीशु मसीह:

वो वकील कौन है? धार्मिक यीशु मसीह।

और वही हमारे पापों का प्रायश्चित्त है: और केवल हमारे ही नहीं, वरन सारे जगत के पापों का भी।

61 पवित्र आत्मा क्या है? यह एक वकील है। क्या करता है... एक वकालत करने वाला क्या है? ये क्या करता है? एक वकील को वकालत करने के लिए रखते है। इसमें दया है। यह, यह आपके स्थान पर खड़ा होता है। यह, यह ऐसे काम को करता है जो आप नहीं कर सकते है। ये, यही—यही आपके पापों की प्रायश्चिता है। यह आपकी धार्मिकता है। यह आपकी चंगाई है। यह आपका जीवन है। यह आपका पुनरुत्थान है। ये वो सब कुछ है जो परमेश्वर के पास आपके लिए है। वो एक वकील है।

62 हम भला इसके साथ विवरण के अंदर कैसे जा सकते हैं और उसे खुलासा कर सकते हैं, कि किस तरह से जब ये—ये हमारी अज्ञानता के लिए मध्यस्थता को करता है। कभी-कभी जब... हमें पवित्र आत्मा मिलता है, हम अज्ञानतापूर्वक किसी बात में डगमगाते हैं। पवित्र आत्मा वहां पर होता है ताकि हमारे लिए वकालत के काम को करे। वो हमारा वकील हैं। वह खड़ा होता है... वह हमारा वकील हैं। वह वहां खड़ा होता है और हमारे लिए सिफारिश करता है। हम अपने लिए सिफारिश नहीं करते हैं, क्योंकि हम में पवित्र आत्मा हमारे लिए सिफारिश करता है। पवित्र आत्मा वाक्य को देता है, कभी-कभी ऐसे शब्दों के साथ जिन्हें आप समझ नहीं सकते, और वो हमारे लिए मध्यस्थता करता है। यही है जो पवित्र आत्मा है।

63 जब मैं कोई भी बात में चलता हूँ, मैं—मैं एक छोटे बच्चे के जैसे चलता हूँ; तुम छोटे बच्चे के जैसे चलते हो। हम, हम शत्रुओं से भरी एक अंधेरी दुनिया में चल रहे हैं, पाप से भरी हुयी, फंदों से भरी हुयी, हर चीज से भरी हुई।

आप कहते हैं, "ओह, मैं डरता हूँ। मैं मसीही जीवन को लेने से डरता हूँ। मैं, मैं *ऐसा* करने से डरता हूँ। मैं डरता हूँ कि मैं *ऐसा* करूँगा।"

डरो मत। हमारे पास एक वकील है। आमीन। ओह, वह हमारे साथ खड़ा है। वह हम में है, और वह हमारे लिए मध्यस्थता को करता है। पवित्र आत्मा, निरंतर, निरंतर हमारे लिए एक वकील का काम कर रहा है, हर समय। वह हमारा वकील हैं। ओह, हम उसके लिए किस तरह से परमेश्वर का धन्यवाद करें!

64 एक मोहर, एक चिन्ह, जीवन की आत्मा, स्वर्ग का परमेश्वर, वो सहायक, वो जीवन, वकील। वो क्या है? ओह, प्रभु! हम इसके साथ घंटों तक आगे जा सकते है।

65 अब हम बस एक मिनट के लिए बदलने जा रहे हैं। अब हम पूछने जा रहे हैं...

अंत के दिनों में हमसे प्रतिज्ञा की गयी! यह वकील, मोहर, प्रतिज्ञा, सब कुछ जो हमने आज रात उसके विषय में बात की है, साथ ही वो दस हजार गुना अधिक है, इसकी अंतिम दिन में हमसे एक प्रतिज्ञा की गयी थी।

उस दिन में ये उनके पास नहीं था। उनके शरीर में एक मोहर थी, एक टोकन और एक चिन्ह के नाई, विश्वास करते हुए कि ये आ रहा है, और वे व्यवस्था की परछाई में चले। जिनका देह से खतना किया गया था।

66 आज हम व्यवस्था की परछाई के द्वारा नहीं चलते हैं। हम पुनरुत्थान की सामर्थ के द्वारा चलते हैं। हम आत्मा की सामर्थ के द्वारा चलते हैं, जो हमारी सच्ची मोहर है, हमारा सच्चा वकील, हमारा सच्चा सहायक, हमारा सच्चा चिन्ह है कि हम ऊपर से जन्मे हैं; अनोखे, विचित्र लोग, अजीब व्यवहार करते हुए, परमेश्वर को उसके वचन में लेते हुए, बाकी की हर एक चीज को गलत कहते हुए। परमेश्वर का वचन सही है। यही... ओह, प्रभु! यही है वो जो पवित्र आत्मा है।

67 क्या आप इसे चाहते हैं? क्या आप इसे पाना पसंद नहीं करेंगे? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] आइये देखे कि क्या इसकी प्रतिज्ञा की गयी थी।

अब आइए हम यशायाह की ओर जाये, यशायाह की किताब। आइए यशायाह के 28वे अध्याय को लें। अब हम यशायाह 28 पर जा रहे हैं, और हम लगभग आरंभ करेंगें... आइए 8वें पद को लें, देखेंगे कि उसके आने से सात सौ बारह वर्ष पहिले यशायाह ने क्या कहा।

68 हम इस बारे में बहुत कुछ कह सकते हैं, पीछे जाकर, वहां पीछे से लेते हुए, लेकिन हम ठीक यहाँ से आरंभ करेंगे और देखेंगे कि क्या यह कलीसिया से प्रतिज्ञा की गयी थी। ये कौन से दिन आना था? अंतिम दिनों में, जब एक—एक भ्रष्टता होगी। अब याद रखें, यह शब्द बहुवचन में है, "दिनो," में, अंतिम दो दिन, अंतिम दो हजार वर्ष।

अब, अब आठवां पद।

क्योंकि सब *भोजन आसन... गंदगी से भरे हैं, कोई* शुद्ध स्थान *नहीं बचा।*

69 आज इसे पाने के लिए हर कहीं ढूंढे। हर तरफ देखें और देखें कि क्या हम उस दिन में हैं। "सारी मेजे!" क्यों, वे प्रभु भोज में जाते हैं, और पहली बात, खाद्य पदार्थ पंक्ति में, हल्की रोटी का एक टुकड़ा लेते है या सोडा की पपड़ी लेते है, और इसे तोड़कर और प्रभु भोज को करते है। जब कि, इसे पवित्र आत्मा के हाथों से बनाया जाना चाहिए, और वो बिना खमीर की रोटी होनी चाहिए। मसीह मलीन और गंदा नहीं है, और रोटी उसका प्रतिनिधित्व करती है।

70 एक और बात, वे उन लोगों को इसे देते है जो शराब पीते है, झूठ बोलते हैं, चोरी करते हैं, धूम्रपान करते हैं, तम्बाखू चबाते हैं, (व्यूह!) बस कुछ भी करते है, जब तक वे कलीसिया से संबंध रखते हैं। इससे दूर रहे! यदि एक मनुष्य कभी इसे लेता है जब हम इसे यहाँ खा रहे होते है, वह सांस लेते हुए और पीते हुए खुद के लिए दंड को ला रहा है, प्रभु के देह को नहीं पहचान रहा है। यदि वो जीवन को नहीं जीता हैं, तो इससे दूर रहें।

और यदि आप इसे नहीं लेते हैं, तो ये दर्शाता है कि आपका अपना विवेक दोषी है। "वो जो नहीं खाता, उसका मेरे साथ कोई साझा नहीं," यीशु ने कहा।

71 लेकिन प्रभु की सारी मेज़ें गन्दगी से भर गई हैं। कोई भी स्थान शुद्ध नहीं है। सुनना, क्या ऐसी आज की तस्वीर नहीं है!

वह किस को... वह किस *को ज्ञान सिखाएगा? और वो किस को... अपने समाचार का अर्थ समझाएगा? ...*

... कौन ज्ञान को सिखेगा? ... और वो किस को अपने समाचार का अर्थ समझाएगा? ...

"तो ठीक है, धन्य हो परमेश्वर, मैं प्रेस्बिटेरियन हूं। मैं मेथोडिस्ट हूं। मैं पेंटीकोस्टल हूं। मैं नाज़रीन हूँ। मैं पिलग्रिम होलीनेस हूँ।" इसका परमेश्वर के लिए एक चीज का भी वास्ता नहीं है; बस ये एक और टेबल है।

... मैं किसे *सिद्धांत* का अर्थ समझाऊंगा? ...

72 किस प्रकार का सिद्धांत; मेथोडिस्ट का, बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, पेंटीकोस्टल का? बाइबिल का सिद्धांत!

... मैं किसे *सिद्धांत* का अर्थ समझाऊंगा? ...

73 आप कैसे जानेगे जब आपको यह मिल जाता है? हम इस बात पर शुक्रवार की रात को जायेंगे। समझे?

... मैं किसे *सिद्धांत* का अर्थ समझाऊंगा? (अब देखो) *क्या उन को जो दूध छुड़ाए हुए और स्तन से अलगाए हुए हैं।*

74 छोटे बालक कहते हैं, "ठीक है, मैं कलीसिया जाता हूं, मेरी मां इसी कलीसिया से थीं।" प्रिय भाई, मेरे पास इसके विरोध में कुछ भी नहीं है। और मैं इस बात को समझता हूँ कि इसे टेप किया जा रहा है। यह अच्छी बात है, अपनी माँ की कलीसिया से संबंध रखना। लेकिन, सुनिए, आपकी माँ एक उजियाले में चली, आप दूसरे उजियाले में चल रहे हो।

75 लूथर एक उजियाले में चला; वेस्ली दूसरे में चला। वेस्ली एक उजियाले में चला; पेंटीकोस्ट दूसरे में चले। लेकिन हम आज उससे भी ऊपर चल रहे हैं। और यदि कोई दूसरी पीढ़ी है, तो वह हमसे भी आगे चली जाएगी।

76 पहले आरंभ के दिनों में, जब चीज चौड़ी थी, बहुत ही चौड़ी, लूथर ने विश्वास के द्वारा धर्मीकरण की शिक्षा दी। ऐसा केवल कैथोलिक मत से लोगों को प्रोटेस्टेंटवाद के अंदर लाने के लिए था, वचन के इर्द–गिर्द संगती में लाने के लिए। विश्वास के द्वारा धर्मीकरण, यह एक बड़ा चौड़ा क्षेत्र था। वे इससे कभी भी नहीं हिले।

77 साथ ही जॉन वेस्ली नाम की एक और बेदारी आयी। इसने उन्हें उस से हिला दिया, और उसे आगे पवित्रीकरण में ले आया, एक अच्छा जीवन जीना, साफ़, परमेश्वर के वचन के द्वारा पवित्र किया जाना, आपके ह्रदय में आनंद देता है। इसने बहुत सारे लूथरन सिद्धांत को हिलाकर रख दिया।

78 तब साथ ही पवित्र आत्मा के बपतिस्मे के साथ पेंटीकोस्ट आये, और पवित्र आत्मा को पाने के द्वारा इसे फिर से सकडा कर दिया। ये सही बात है।

और अब इसने हिलना आरंभ कर दिया है। और वे दान, और लौटाया जाना, और परमेश्वर का आत्मा चिन्हों और अद्भुत कामों की परिपूर्णता में आ जाता है, कलीसिया के अंदर, और पेंटीकोस्ट को हिला डाला। यह क्या है? हम प्रभु यीशु के आगमन के बहुत ही नजदीक हैं, इतना तक कि

वही आत्मा जो उसमें थी वो कलीसिया में काम कर रही थी, बिल्कुल उन्ही कामो को करते हुए जो उसने तब किये जब वो यहाँ धरती पर था। ऐसा कभी भी पहले नहीं हुआ है प्रेरितों के समय से लेकर इस समय तक।

क्यों? देखो, ये चौड़ा है; सकडा होता जाता है, सकडा होता जाता है, सकडा होता जाता है। यह क्या है? बिल्कुल जैसे कि आपका हाथ परछाई पर आ रहा है; निगेटिव, निगेटिव, निगेटिव। लेकिन ये क्या हैं? यह एक प्रतिबिंब है। लूथर क्या था? मसीह का एक प्रतिबिंब। वेस्ली क्या था? मसीह का एक प्रतिबिंब।

79 देखो, बिली संडे का युग अभी–अभी समाप्त हुआ है। एक दिन, बूढ़े डॉ. व्हिटनी ने ठीक यहीं इस पुलपिट पर शिक्षा दी थी, पुराने स्कूल में से वो अंतिम एक था, जो नब्बे की उम्र के आसपास चल बसे, मैं सोचता हूँ। बिली संडे उसके दिनों में कुछ ही कलीसियाओ के लिए एक बेदारी करने वाला व्यक्ति था। उसने कोई उत्तेजना के शब्द नहीं दिये; वहाँ पर खड़े हो जाता और चिल्लाता, "तुम सारे मेथोडिस्ट लोगो इस बुरादे के गलियारे पर कदम रखो, प्रचारको और सारे लोगो! तुम सारे बैपटिस्टों बुरादे के गलियारे में कदम रखो! तुम प्रेस्बिटेरियन लोगो!" उसने कोई उत्तेजना के शब्द नहीं दिये। वो इन दिनों का बिली ग्राहम था।

80 ध्यान दे। और तब, उसी समय पर जब नाममात्र कलीसिया के पास उनकी बेदारी हो रही थी, क्या बात ने जगह ली? सम्पूर्ण सुसमाचार की बेदारी हो रही थी। वहां पर बोसवर्थ भाई लोग, स्मिथ विगल्सवर्थ, और डॉ. प्राइस, एमी मैकफर्सन, वे सारे आगे आए।

देखो, एक रात स्मिथ विगल्सवर्थ की मृत्यु हो गई। अगली सुबह को डॉक्टर प्राइस की मृत्यु हो गई। चौबीस घंटे के भीतर मैं कार्यक्षेत्र में था।

81 अब मेरा अंत आ रहा है। देखो... आप बिली ग्राहम के बारे में अधिक नहीं सुनते हैं। आप ओरल रॉबर्ट्स के बारे में अधिक नहीं सुनते हैं। मैं अपनी सभाओ को छाया होते देखता हूं। क्या मामला है? हम अंत में हैं, एक और युग।

82 बिली संडे और वे कैसे आये? वे महान मूडी के बेदारी के ठीक बाद में आये। मूडी कब आया? ठीक नॉक्स की बेदारी के बाद। नॉक्स कब आया? फिनी के बेदारी के ठीक बाद। केल्विन के बाद फ़िनी आया, केल्विन के बाद... वैसे ही, और वेस्ली, लूथर के बाद वेस्ली। यह युग में से होते हुए

आगे आता है। जैसे ही एक बेदारी समाप्त होती है, परमेश्वर दूसरे को ऊपर उठाता है और अधिक उजियाले को डालता है; बस ऐसे ही आगे चलता रहता है।

83 अब हम इस समय के अंत में हैं। हर एक मनुष्य ने मसीह के आगमन के लिए उसके जंक्शन के अंत को देखा है, लेकिन उनके पास आगे देखने के लिए बहुत कुछ था; यहूदियों का लौटना, आकाश में उड़ती तश्तरी, वे सारी चीजे जो हम आज देखते हैं। लेकिन हम अंत में हैं। हम अभी यहाँ हैं। वे जानते थे कि कलीसिया को सामर्थ को पाना था जो कलीसिया में मसीह के जैसे ही कार्य करेगी, क्योंकि जैसे–जैसे परछाई गहरी और गहरी होती जाती है, ये और अधिक प्रतिबिंबित करती है।

84 आप एक छाया को ले। उस छाया से दूर जाये, आपको छाया का बहुत छोटा सा प्रतिबिंब मिलता है। कुछ समय के बाद छाया और नजदीक और नजदीक होती जाती है, इतना तक कि पेड़ और छाया एक हो जाते है।

85 अब, परमेश्वर की आत्मा ने लूथर के तहत धर्मीकरण का कार्य किया; वेस्ली के तहत पवित्रीकरण का; पेंटीकोस्ट के तहत पवित्र आत्मा के बपतिस्मा का; और यहाँ ये अन्तिम दिन में है, और प्रदर्शित करते हुए और बिल्कुल उन्ही कामो को करते हुए जो उसने उस समय किये थे जब ये मसीह में था। यह क्या है? कलीसिया और मसीह एक बन चुके हैं।

और जैसे ही वे एक साथ जुड़ जाते हैं, वह आखिरी कड़ी, वो आकाश में से होते हुए चिल्लाती हुई जायेगी। वेस्ली ऊपर आ जायेगा, लूथर, और बाकी के सारे जो उन दिनों में वहां पर थे, "वह जो पहला है वह आखिरी होगा, वो जो आखिरी है वह पहले होगा," और वहां पुनरुत्थान आ जाएगा।

86 हम अंत समय पर हैं। सुनना, यही है जो पवित्र आत्मा करता है। पवित्र आत्मा, धर्मीकरण के द्वारा, देखो, इसकी केवल एक हल्की सी छाया थी; पवित्र आत्मा, पवित्रीकरण के द्वारा, इसकी थोड़ी और गहरी छाया थी; पवित्र आत्मा, इसके बपतिस्मे के द्वारा, थोड़ी और गहरी छाया; अब पवित्र आत्मा, उसके बिल्कुल उसी व्यक्ति के लौटाए जाने के द्वारा जो यहाँ होता है, चिन्हों और अद्भुत कार्यो को विकसित करते हुए जैसे उसने आरंभ में किये थे। व्यूह! महिमा हो! मुझे "पवित्र शोर शराबा करने वाला," बुलाएंगे, जो कुछ भी हो, अब हो सकता है वैसे ही आप भी शुरू करे।

87 सुनना, भाईयो, इसे सुने।

... सब भोजन आसन वमन और मल से भरे हैं... कोई शुद्ध स्थान *नहीं बचा*

वह *किस को ज्ञान सिखाएगा? ... किस को अपने समाचार का* अर्थ *समझाएगा? क्या उन को जो दूध छुड़ाए हुए और स्तन से अलगाए हुए हैं।*

ना ही छोटे बच्चो को; प्रेस्बिटेरियन बच्चो को, मेथोडिस्ट बच्चो को, पेंटीकोस्टल बच्चो को, लूथरन बच्चो को, नाज़रीन बच्चो को। वो किसी ऐसे को चाहता है जो स्तनों से दूर होने की इच्छा रखते है और कुछ तगड़ा मांस खाने के लिए तैयार है। यहाँ ये आता है:

क्योंकि आज्ञा पर आज्ञा, आज्ञा, ... पर आज्ञा; नियम पर नियम, ... पर नियम; थोड़ा यहां, और थोड़ा वहां;

क्योंकि मैं इन लोगों से थरथराते हुए होंठों और विदेशी भाषा *वालों के द्वारा बातें करूंगा।*

जिन से उसने कहा, विश्राम इसी से मिलेगा, इसी के द्वारा थके हुए को विश्राम दो; और यह वो आराम देना है: परन्तु उन्होंने सुनना न चाहा।

88 वो पवित्र आत्मा, जो कि इस तरह से पेंटीकोस्ट के दिन बस ये ऐसे ही नहीं आता है, इसके आने से सात सौ बारह वर्ष पहले भविष्यवाणी की गयी थी! यहाँ पर ये पेंटीकोस्ट के दिन पर है, बिल्कुल ठीक उसी तरह से आया।

89 किसी ने कहा, "सब्त के दिन को मानना।" मैं अस्वीकार नहीं कर रहा हूँ या किसी की कलीसिया या धर्म को प्रकाश में नहीं ला रहा हूं। लेकिन कहा, "सब्त का दिन, परमेश्वर का विश्रामदिन सब्त का दिन था।"

यहाँ विश्राम का दिन है। [भाई ब्रन्हम अपनी बाइबल को उठाते हैं—सम्पा।] "ये विश्राम है," उसने कहा, "कि तुम थके हुए को विश्राम दो।" ऐसा ही है। आमीन! "ये आज्ञा पर आज्ञा होगी, नियम पर नियम होगा।" यहाँ ये विश्राम है। पवित्र आत्मा क्या है? विश्राम। ओह!

हे सारे परिश्रम करने वालों और बोझ से दबे लोगों, मेरे पास आओ, और मैं तुम्हें विश्राम दूंगा।

90 वो क्या है? वो एक जो तुम में आता है, तुम्हें शान्ति देता है; आपका चिन्ह, आपका सहायक; ढाढ़स दिया, विश्राम पर, मोहरबंद हुआ।

91 आप कैसे... ? ये एक चिह्न है; संसार जानता है कि आपके साथ कुछ तो हुआ है। क्या है ये? यह एक सहायक है। क्या है ये? एक मोहर। आप विश्राम कर रहे हैं। आपके पास... यह आपका वकील है। यदि, आपको, आपके साथ कुछ तो होता है, वहाँ पर कोई तो है जो आपके लिए शीघ्रता से वकालत को करता है, देखो, मध्यस्थता को कर रहा है। यह कलीसिया में रहते हुए परमेश्वर का आत्मा है, बिल्कुल ठीक इसकी भविष्यवाणी की थी कि जब वह आएगा तो वो क्या होगा। यह एक सनातन के लिए होगा, अनंत विश्राम।

92 परमेश्वर ने संसार को बनाया। इब्रानियों, चौथा अध्याय। “परमेश्वर ने संसार को बनाया, और सातवें दिन विश्राम किया।” ये सही बात है।

आठवां दिन घूमकर वापस आता है, नीचे... उसने इसे यहूदियों को एक वाचा के लिए दिया, कुछ ठहराये हुए समय के लिए। ये सही है। लेकिन वे जाकर और एक दिन विश्राम करते हैं; वापस जाकर, सप्ताह के पहले दिन, फिर से शुरू करते है, नया, फिर से शुरू करते है। यह वो विश्राम नहीं है जिसके बारे में परमेश्वर ने बात की थी।

जब परमेश्वर ने छह दिनों में संसार बनाया, जब वो विश्राम पर चला गया, तब से लेकर उसने विश्राम किया। ये सही बात है। इससे बात ख़त्म हो जाती है। वह आठवें दिन पर वापस नहीं आया और फिर से शुरू करे।

93 ये तो केवल एक छाया थी। अब, यह एक नमूना था, जैसे चंद्रमा से सूर्य का; लेकिन जब सूरज ऊपर आता है, तो हमें अब चांद की आवश्यकता नहीं होती। अब इस पर ध्यान दें, ओह, प्रकाशितवाक्य 11 में, “वो स्त्री जिसके पैरों के नीचे चन्द्रमा और सिर पर सूर्य है।” ओह, हम बाइबल में से होकर जा सकते हैं, छोर से छोर तक, और आपको दिखा सकते हैं। समझे?

94 लेकिन यह क्या हैं? जब, बाइबल ने इब्रानियों के चौथे अध्याय में कहा, “यदि यीशु ने उन्हें विश्राम का दिन दिया होता, तो वह इसके बारे में बाद में बोलते; उन्होंने विश्राम के दिन की बात की होती।” उसने एक विश्राम के लिए किस दिन के बारे में बात की?

हे सब परिश्रम करने वालों और बोझ से दबे लोगों, मेरे पास आओ, और मैं तुम्हें विश्राम दूंगा।

95 मत्ती का 11वा अध्याय, 22वा पद... देखो, हम उसके बाद इसे देखते हैं जब हम उसके पास आते हैं। "उसके लिए," इब्रानियों 4 में कहा, "जो यीशु के विश्राम में प्रवेश कर गया है, वह उसके सांसारिक कार्यों से छुट गया है, जैसे परमेश्वर ने उसके विश्राम को किया," जब उसने संसार को बनाया, तो फिर कभी भी इसमें नहीं लौटता है। कब तक? [भाई ब्रन्हम ने पुलपिट पर तीन बार खटखटाते है—सम्पा।] आप कब तक पवित्र आत्मा के द्वारा मोहरबंद हुए हैं? "तुम्हारे छुटकारे के दिन तक।" वहां वो विश्राम है, सहायक है, वकील है, मोहर है, छुड़ाने वाला है। ओह! [भाई ब्रन्हम एक बार हाथो से ताली बजाते हैं।] मैं एक प्रकार से उत्तेजित हो जाता हूं, या मुझे एक तरह से आशीष मिलती है। ओह!

96 "क्या यह हमारे लिए प्रतिज्ञा की गयी है, भाई ब्रन्हम? क्या यह बाइबल से प्रमाणित होता है?"

अच्छी बात है, आइए योएल की ओर जायेंगे, देखते हैं कि योएल ने इसके बारे में क्या कहा।

मैं परमेश्वर के धन्य वचन के लिए कितना आभारी हूँ! क्या आप इससे प्रेम करते है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।] मैं सोचता हूँ कि यदि यह वचन के लिए नहीं होता, तो मैं नहीं जानता कि हम कहाँ खड़े होते। तो ठीक है।

हम अभी योएल में हैं। हम योएल की ओर जा रहे हैं, योएल का 2 रा अध्याय, और हम 28वें पद से आरंभ करने जा रहे हैं। योएल 2:28, मसीह के आने से आठ सौ वर्ष पहले, भविष्यद्वक्ता आत्मा में था। अब सुनना।

और ऐसा होगा उन बातों के बाद, *कि मैं सब प्राणियों के ऊपर अपनी आत्मा उण्डेलूंगा; ... तुम्हारे बेटे और तुम्हारी बेटियां भविष्यद्वाणी करेंगे, और तुम्हारे पुरनिये स्वप्न को देखेंगे,* और *तुम्हारे जवान दर्शन देखेंगे:*

और मेरे सेवको पर और मेरे दास और दासियों पर भी मैं इन दिनों में... उन दिनों में *मेरी आत्मा को उण्डेलूंगा।*

और मैं ऊपर *आकाश में और पृथ्वी पर चमत्कार, अर्थात लोहू, ... आग और धूएं के खम्भे* दिखाऊंगा।

सूर्य अन्धियारे में बदल जायेगा और चन्द्रमा लहू सा हो जाएगा, यहोवा के उस बड़े और भयानक दिन के आने से पहिले।

उस समय पर ऐसा होगा, कि जो कोई यहोवा से प्रार्थना करेगा, वह छुटकारा पाएगा;

97 यही एक... ओह! क्या? योएल! क्या आपने ध्यान दिया? प्रेरितों के काम 2 में, पतरस ने इसी पद को लिया। कहा, "हे इस्राएल के लोगों, मेरे शब्दों को सुनो। ये शराब पीये हुए नहीं हैं," यह मोहरबंद हुए, ढाढ़स पाए हुए, विचित्र, छाप को पाये हुए लोग है। "वे मदिरा पीये हुए नहीं हैं, जैसा आप सोचते हैं," प्रेरितों के काम 2, "देखते हुए कि यह दिन का तीसरा पहर है। लेकिन यह वही है जिसके विषय में योएल भविष्यद्वक्ता के द्वारा कहा गया था, ये कहते हुए, 'ऐसा अंत के दिनों में होगा कि मैं अपना आत्मा सब प्राणियों पर उण्डेलूंगा।'"

98 ये क्या है, पवित्र आत्मा क्या है? तो ठीक है, अब आइये फिर से ध्यान दें, विश्वासियों से प्रतिज्ञा की गयी, यह वही है। अब, ये पवित्र आत्मा, हम देखेंगे कि यह क्या है, बस एक मिनट। यह किसके लिए प्रतिज्ञा की गयी है? विश्वासियों के लिए।

आइए अब लूका के 24वें अध्याय पर जाये, सुनना कि यीशु ने धरती को छोड़ने से पहले उसके अंतिम शब्दों में क्या कहा था। लूका का 24 वां अध्याय। और आप जो लोग इसे अभी लिख रहे हैं, आप इसे चिह्नित करके रख सकते हैं, फिर कल इसका अध्ययन करें जब आपके पास समय होता है। अब, लूका 24:49, यीशु को बोलते हुए सुनना। अंत में, जब वह महिमा में ऊपर उठाया जा रहा था, स्वर्गारोहण, यहाँ ये वचन हैं जो उसने अपने चेलो से कहे थे।

... देखो, मैं मेरे पिता की प्रतिज्ञा को भेजता हूँ...

कौन सी प्रतिज्ञा? मोहर, चिन्ह, सहायक, और ये सारी चीजे जिनके बारे में मैंने बताया, हजारों गुना अधिक।

... मैं तुम पर अपने पिता की प्रतिज्ञा को भेजता हूं:...

क्या प्रतिज्ञा? "वो एक जिसे यशायाह ने कहा वो आएगा, 'मैं इन लोगों से हकलाते हुए होठों और अन्य जुबानो से बातें करूंगा।' मैं उस विश्राम को तुम पर भेजूंगा। योएल ने जिसके बारे में कहा, उसे मैं भेजूंगा, 'अंत

के दिनों में ऐसा होगा, परमेश्वर यो कहता है, मैं तुम पर अपनी आत्मा को उण्डेलूंगा।' ओह, मैं तुम्हे भेजूंगा, और सब राष्ट्रों को बनाऊंगा, सारे लोगो को, यरूशलेम से लेकर... मैं इस वाचा के नीचे अब्राहम के बीज को लेकर आऊंगा। मैं उनमें से हर एक को मोहर करूंगा। देखो, मैं अपनी आत्मा को उण्डेलूंगा।"

> ... मैं *तुम पर अपने पिता की प्रतिज्ञा को भेजूंगा: लेकिन तुम ठहरे रहना,* मतलब *इसी नगर यरूशलेम में रुके रहना, जब तक* तुम *ऊपर से सामर्थ को न पाओ।*

99 तब पवित्र आत्मा क्या है? "ऊपर से सामर्थ!" ना ही बिशप से सामर्थ, ना ही कलीसिया से सामर्थ। लेकिन, "ऊपर से सामर्थ!"

100 वो सामर्थ कैसे आई? "कलीसिया में जुड़ने" के द्वारा? मैं आपको चुनौती देता हूं कि आप ऐसा करें, कहें कि यह सही बात है। "कलीसिया में जुड़ने के द्वारा, प्रचारक के साथ हाथ मिलाने से"? नहीं, श्रीमान। अब, आप जो कैथोलिक लोग है, "अपनी जीभ बाहर निकालकर और पहला प्रभु भोज लेना"? नहीं श्रीमान।

101 ये कैसे आया, ऊपर से सामर्थ? आइए थोड़ा और आगे पढ़ते हैं। आइए हम प्रेरितों के काम 1:8 को देखें। वे अब एक साथ इकट्ठे हो रहे हैं। जब वे इकट्ठे हुए, तब वे यहां यीशु के विषय में बातें कर रहे थे, और यहूदा के स्थान पर एक दूसरे को लेने के लिये नियुक्त किया गया था। प्रेरितों के काम 1:8।

> *परन्तु* इसके *बाद जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे;...*

क्या? "आप ब्रंहम टेबरनेकल के सदस्य बन जाते हैं"? नहीं। "आप मेथोडिस्ट कलीसिया के सदस्य बन जाते हैं, कैथोलिक कलीसिया के, प्रेस्बिटेरियन के"? बाइबल में ऐसा नहीं है। यह मनुष्य के बनाये गए मत सिद्धांत है।

"लेकिन तुम्हारे एक प्रचारक बनने के बाद तुम सामर्थ को पाओगे"? नहीं श्रीमान। "तुम्हारीं बेचलर ऑफ आर्ट की पदवी के बाद तुम सामर्थ को पाओगे"? नहीं श्रीमान। "तुम पा–... तुम्हारी डी डी की पदवी मिलने के बाद सामर्थ में आओगे"? नहीं श्रीमान। "पानी में बपतिस्मा लेने के बाद तुम सामर्थ को पाओगे"? नहीं श्रीमान। "तुम्हारा पहला प्रभु भोज ले लेने

के बाद तुम सामर्थ को पाओगे”? नहीं श्रीमान। देखो, यह सब मनुष्य की बनाई हुई चीजें हैं।

102 सुनना बाइबल ने क्या कहा, यीशु ने क्या कहा।

> *... जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे:* (पवित्र आत्मा क्या है? सामर्थ) तब, इसके बाद, *तुम गवाह होगे...* (“केवल तुम बारह ही, तुम यरूशलेम में गवाह होंगे”?) ... तुम *यरूशलेम... और सारे यहूदिया... और सामरिया में, मेरे गवाह होगे। और पृथ्वी के भागो के छोर तक।* (जो अभी तक नहीं पहुंचे है।)
>
> *और जब उसने इन बातों को कहा,... जब उसने इन बातों को कहा, जब वे* उसको *देखते रहे, वो ऊपर उठा लिया गया और बादल ने उसे उन की आंखों से छिपा लिया।*

103 अब सीधे पन्ने को पलटेंगे, इन भविष्यवाणियों को पूरा होते देखें।

> *जब पेंटीकोस्ट का दिन पूरी तरह आया, तो वे... तो वे सब एक चित्त होकर एक स्थान पर इकट्ठे थे।*

“और अचानक ही पास्टर आ गया और... ”? मैं वहाँ लीक से हट गया हूँ, क्या नहीं हटा? “अचानक याजक वेदी पर आ गया”? नहीं।

> *और एकाएक एक आवाज हुई...*

न ही एक ढोंगी विश्वास; वहाँ पर था, एक आवाज।

“एक सेवक दरवाजे पर पहुँच रहा था”? “याजक ने प्रभु भोज लिया था, पवित्र स्थान से बाहर आते हुए”? नहीं, ऐसा कुछ भी नहीं है।

> *... आकाश से आवाज़ आयी...* (ना ही पैरो की सरसराहट)*... वहां आकाश से... एक बड़ी आंधी की सी सनसनाहट का आवाज़ आयी* (ओह, प्रभु! व्यूह!... ? ...)*... और उस से सारा घर जहां वे बैठे थे, भर गया।*

104 पवित्र आत्मा क्या है? यहां है ये जहाँ उन्हें सामर्थ मिलती है। यहां है ये जहां उन्हें रुके रहना चाहिए था; यहाँ पर क्या हुआ जब उन्होंने ऐसा किया। सब ने भविष्यद्वाणी की थी; उत्पत्ति से लेकर ठीक आगे तक, अब्राहम से होते हुए ठीक आगे तक; ये आएगा, और ये कैसे आएगा, और परिणाम

आयेंगे। ये क्या है? विश्वासियों के लिए कलीसिया के लिए, प्रतिज्ञा की गयी थी।

... और उस से सारा घर जहां वे बैठे थे, भर गया।

और उन्हें आग के जैसे... जीभें फटती हुई दिखाई दीं, और उन में से हर एक पर आ ठहरीं।

और वे सब पवित्र आत्मा से भर गए, और जिस प्रकार आत्मा ने उन्हें बोलने की सामर्थ दी, उन्होंने अन्य अन्य भाषा बोलना आरंभ *किया।*

अब हम उस बात को शुक्रवार की रात लेने वाले हैं। हम इसे ठीक वहीं पर छोड़ देंगे, देखो।

105 ये किस तरह से है? यह कलीसिया के लिए एक प्रतिज्ञा है, पूरी तरह से एक प्रतिज्ञा। तो ठीक है।

106 अब, हम अब यह देखने जा रहे हैं, कि उनके भरे जाने के बाद, वे कब तक के लिए मोहर हुए थे? [सभा कहती है, "छुटकारे के दिन तक।"—सम्पा।]

यहाँ पर कितने लोगों को पवित्र आत्मा मिला है? आइए आपके उठे हुए हाथो को देखे। बिना पवित्र आत्मा की तुलना में पवित्र आत्मा पाए हुए लोग कहीं ज्यादा है। हम चाहते हैं कि आप हम में से एक बनें, भाईयो, बहनो। जब आप समझने लगते हैं कि यह क्या है, यह... ये परमेश्वर का आत्मा है जो आप में वास करता है, ताकि परमेश्वर के कामो को करे।

जब भी परमेश्वर ने कभी अपनी आत्मा को अपने किसी सेवक, अपने किसी भविष्यद्वक्ता, अपने किसी शिक्षक के अंदर भेजा, अपने किसी भी प्रेरित के लिए, उन्हें हमेशा संसार के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया था। उन्हें पागल समझा जाता था, ऐसा वहां हर युग में होता था। जब पौलुस अग्रिप्पा के साम्हने खड़ा हुआ, उसने कहा, "जिस तरह से इसे विरुद्ध मत कहा गया... " *विरुद्ध* मत क्या है? "पागल।" "जिस तरह से वे पागल बुलाते हैं, पागलों का एक झुण्ड, इसी प्रकार से मैं हमारे पूर्व पिताओ के परमेश्वर की आराधना करता हूं।" [भाई ब्रन्हम एक बार अपने हाथो से ताली बजाते हैं—सम्पा।] मैं बहुत ही खुश हूं कि मैं कह सकता हूं मैं उनमें

से एक हूं। जी हाँ, श्रीमान। ये सही है। मैं बहुत ही खुश हूँ कि मैं कह सकता हूं कि मैं उनमें से एक हूं।

107 अब, इस पवित्र आत्मा के उन पर आने के बाद, इसने उन्हें इतना प्रेमी बना दिया इतना तक कि हर एक चीज सबकी हो गयी थी। क्या वह सही है? ओह, मेरे प्रभु, क्या ही संगति है! हम कभी–कभी उस गीत को गाते हैं, “ओह, क्या ही संगति है! ओह, क्या ही दैविक आनंद है!” ऐसा ही है। उन्होंने चिंता नहीं की, उन्होंने चिंता नहीं कि क्या वो—वो सूरज निकला है या नहीं निकला है। उन्होंने आराम का फूलो से भरा बिस्तर नहीं मांगा।

“अब, मैं पवित्र आत्मा को ग्रहण करूंगा,” कुछ लोग मुझसे कहते हैं, “श्रीमान ब्रन्हम, यदि आप मुझे गारंटी देंगे कि मैं करोड़पति बन जाऊंगा, यदि आप मुझे गारंटी देंगे कि मुझे तेल के कुएं मिल जाएंगे, और क्या मुझे सोने की खदाने मिल जायेंगी, और मैं—मैं... ” देखो, लोग इसे सिखाते हैं, और वे झूठ सिखाते हैं। परमेश्वर ने उन बातों की प्रतिज्ञा नहीं की है।

108 एक व्यक्ति जो कभी भी पवित्र आत्मा को पाता है, वह इस बात की परवाह नहीं करता है कि क्या वह रोटी मांगेगा या नहीं। इससे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। वह एक स्वर्ग से बंधी सृष्टी है। वह नहीं... उसका यहाँ से कोई संबंध नहीं है, बिल्कुल भी नहीं। ये सही है। वो परवाह नहीं करता है। आने दो, जाने दो, क्या भी हो होने दो। उनकी निंदा करने दो, मज़ाक उड़ने दो। आपकी प्रतिष्ठा खोना, आप किसी की चिंता करते हैं? आप महिमा के रास्ते पर हैं! हाल्लेलुय्या! आपकी आँखें मसीह पर टिकी हैं, और आप अपने मार्ग पर हैं। आप परवाह नहीं करते कि संसार क्या कहता है।

यही है जो पवित्र आत्मा है। यह एक सामर्थ है, यह एक मोहर है, यह एक सहायक है, यह एक वकील है, यह एक चिन्ह है। ओह, प्रभु! यह आश्वासन है कि परमेश्वर ने आपको स्वीकार किया है।

मैंने कितना समय लिया है? मेरे पास अभी आठ मिनट और हैं। तो ठीक है। मैं... मेरे पास यहाँ बहुत सारे वचन हैं। मैं नहीं सोचता कि मैं उन्हें ले सकता हूं, लेकिन हम—हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे।

109 अब, एक मनुष्य पवित्र आत्मा से भर जाने के बाद, क्या यह संभव है कि सतावट और चीजों के कारण से उसे वापस आना पड़े और... अब, वह हारने वाला नहीं है, वह अब भी परमेश्वर का पुत्र है, वो हमेशा ही पुत्र रहेगा,

क्योंकि आप कब तक मोहरबंद हुए हैं? [सभा कहती है, "छुटकारे के दिन तक।"—सम्पा।] ये सही है। यही है जो बाइबल ने कहा।

110 अब, चेलों को पीटे जाने के बाद, उनका मज़ाक उड़ाया गया था, उनका उपहास उड़ाया गया, और इत्यादि, उन्होंने सोचा ये वो समय है कि थोड़ी ही देर में एक साथ वापस चले जायें। आइए प्रेरितों के काम की ओर—ओर जाये उसका 4था अध्याय, और देखें जब वे... क्या हुआ। अब यह आप लोगों के लिए है जिन्हें ये पहले ही मिल चुका हैं। प्रेरितो के काम 4था अध्याय।

अब, पतरस और यूहन्ना को पीटा गया, और बन्दीगृह में डाल दिया गया, चंगाई करने के वजह से, कलीसिया के फाटक पर एक चंगाई की सभा का आयोजन करने के कारण। कितने लोग यह जानते हैं? वहाँ एक मनुष्य पड़ा हुआ था, जो एक प्रकार से अपने पैरों से लंगड़ा था। वह चल नहीं सकता था; चालीस वर्षो से ऐसा ही था। और पतरस वहां से होकर गुजरा। और उसने कहा... उसने उसके कटोरे को बाहर निकाला, कि उसके कटोरे में कुछ तो उसके खाने के लिए डाले।

और पतरस ने दर्शाया कि वह एक पवित्र आत्मा से भरा हुआ प्रचारक था, उसके पास कुछ भी पैसा नहीं था। उसने कहा—उसने कहा, "चाँदी और सोना मेरे पास नहीं है।" देखो, वह इसकी चिंता नहीं कर रहा था। लेकिन वो एक—एक स्वर्ग से बंधा हुआ सृष्टी था। ओह, काश हमारे पास उस बात पर थोड़ी देर जाने का समय होता, देखो। वह स्वर्ग से बंधा हुआ था। वो ढाढ़स पाया हुआ था। उसके पास आत्मा थी। उसके पास सामर्थ थी। वो चलकर आगे गया और कहा, "मेरे पास चाँदी और सोना नहीं है, लेकिन जो कुछ मेरे पास है, मैं तुम्हें देता हूँ।"

इसमें कोई संदेह नहीं कि मनुष्य ने कहा, "आपके पास क्या है श्रीमान? "

"मेरे पास विश्वास है। मेरे ह्रदय में कुछ तो है जिसकी शुरुवात लगभग दस दिन पहले हुई थी। मैं वहाँ ऊपर के कमरे में था, और अचानक ही, सारी प्रतिज्ञाये जो परमेश्वर ने की थी... मैं यीशु मसीह के साथ साढ़े तीन वर्ष तक चला था। मैंने उसके साथ मछली पकड़ी, मछलियों को खींच कर बाहर निकाला। मैंने ऐसे अलग-अलग काम किए। और मैंने उसे बीमारों को चंगा करते हुए देखा था। मैं... वो मुझसे हमेशा कहता था, 'पिता मुझ

में है; लेकिन जब मैं जाऊंगा, तो वो तुम्हारे अंदर आ जाएगा।' सो, मैं इसे नहीं समझ सका। लेकिन उसने कहा, 'अब, मैं अपेक्षा नहीं करता कि तुम इसे समझोगे।'"

इन बातों को तुम नहीं समझते हो; तुम केवल उन्हें ले लों। मैं इसे अभी तक नहीं समझता हूँ। और मुझे मत बताओ कि तुम समझते हो; क्योंकि, तुम नहीं समझते। देखा? तो, मैं इसे समझ नहीं सकता हूँ, मैं इसे समझा नहीं सकता; लेकिन, केवल एक चीज जिसे मैं जानता हूं, मैंने इसे पा लिया है।

"तो ठीक है, ठीक है," आप कहते हैं, "ऐसा वैज्ञानिक दृष्टि से नहीं है।" ओह, निश्चय ही ये है।

111 उन रोशनी की ओर देखो। जब बेंजामिन फ्रैंकलिन ने इसे पकड़ा, तो उन्होंने कहा, "मुझे ये मिल गया।" वह नहीं जानता था कि उसके पास क्या था, लेकिन उसके पास ये था। और मैं चाहता हूं कि कोई तो मुझे आज रात बताए कि बिजली या विद्युत शक्ति क्या है। वे अभी तक नहीं जानते कि यह क्या है, लेकिन हमारे पास ये है। आमीन। ये सही है। कोई भी व्यक्ति नहीं जानता कि बिजली या विद्युत शक्ति क्या है। वे इसका उपयोग कर सकते हैं, इसे उजियाला कर सकते हैं, इसे जला सकते हैं, इसे क्रिया में ला सकते हैं। लेकिन इसे—इसे उत्पादक वस्तु के द्वारा उत्पन्न किया गया है, दो टुकड़े *इस* तरह से एक साथ संचालित हो रहे हैं। ये इसे उत्पन्न करता है, और यही सब वे जानते हैं। यह प्रकाश को देगा, और इसमें विद्युत् शक्ति होती है।

112 और यही परमेश्वर के आत्मा के समान है। जब आपको एक टुकड़ा मिलता है, तो ये आप हैं, और दूसरा टुकड़ा परमेश्वर है; और उन्हें *इस* तरह एक साथ इधर से उधर संचालित किया जाता है, यह आपके लिए कुछ तो करेगा। ये सही बात है। ये प्रकाश को देगा। यह सामर्थ को देगा। आप नहीं जानते कि यह क्या है, और आप कभी नहीं जान पाएंगे कि यह क्या है, लेकिन आप जान जाते हैं जब आपको यह मिल जाता है। यह एक बात तो निश्चित है। और ये आपके लिए है। यह आपका है। ये आश्वासन है। ये सही बात है।

यह प्रकाश क्या दिखाता है? वहां आश्वासन है। ये प्रकाश है।

अब इस पर ध्यान दे। अब, आप नहीं जानते कि यह क्या है।

113 लेकिन इन लोगो ने कहा, “तो ठीक है,” वे... उन्होंने एक बात कही जो वे जानते हैं, “हम जानते हैं कि वे अज्ञानी हैं।” कुछ तो ज्यादा “पागल,” या नट है आप देखो, जैसे उस छोटे जर्मन ने कहा कि वो पागल था। देखा? कहा, “वे अज्ञानी और अशिक्षित हैं। लेकिन वे उस मछुआरे के साथ रहे हैं, वहां पर उस बढ़ई के साथ, जो यीशु कहलाता है, मैं आपको बताता हूँ, क्योंकि वे उसी काम को कर रहे हैं जो काम वो करता है।”

114 यही वो पवित्र आत्मा है, क्या यीशु एक अज्ञानी मछुआरे में रहता है, एक बढ़ई में, या जो कुछ भी वो है, अज्ञानी प्रचारक, ये जो भी हो। ये तो एक मनुष्य है जो संसार की बातों से अज्ञानी होना चाहता है, और यीशु को अपने अंदर आने देना चाहता है, परमेश्वर की आत्मा, वो मोहर, वो सहायक। वह प्रतिष्ठा की चिंता नहीं करता; केवल एक चीज जो वह चाहता है वो है परमेश्वर।

115 जब परमेश्वर क्रम में स्थापित कर रहा था, उसने कहा, “हे सारे लेवियों, मैंने तुम्हे बाहर बुलाया है और तुम्हे याजक बनाया है। और तुम्हारे सारे अन्य भाई लोग, बारह गोत्र और... और ग्यारह गोत्र तुम्हे दशमांश देंगे।”

“जब तुम को सेब के नौ ढेर मिले, तब एक ढेर लेवियों के लिये उंडेल देना। जब तुम अपनी भेड़ों को उस—उस भवन में से होते हुए चराते हो, दसवीं भेड़ को उठा लेना। मैं परवाह नहीं करता हूँ यदि यह एक छोटी भेड़ हो, या एक बडी हो, मोटी है, या एक कमजोर है, ये लेवियों की है।

“अब, लेवियों, जब यह सारी चीजे तुम्हे मिल जाए, तब तूम भी प्रभु को दशमांश देना। तुम पुले को हिलाकर भेंट चढाते हो, उठाई हुई भेंट चढाते हो, भिन्न-भिन्न भेंट चढाते हों। तुम प्रभु को दशमांश दो।”

116 कहा, “मूसा, तुम्हारे भाग के लिए, मैं तुम्हारा हूँ।” ओह प्रभु! उसने कहा, “मैं तुम्हारा संतुष्ट करने वाला भाग हूं।”

और यही आज कलीसिया के लिए पवित्र आत्मा है। चांदी और सोना मेरे पास नहीं है, लेकिन मेरे पास एक संतुष्ट करने वाला भाग है। हाल्लेलुया! पढाई-लिखाई, मैं मुश्किल से इस किताब को पढ़ सकता हूँ, लेकिन मेरे पास एक संतुष्ट करने वाला भाग है। यह अच्छी बात है। डॉक्टर की डिग्री, मेरे पास कोई डिग्री नहीं है; पीएच, डी या एलडी, या कुछ भी और नहीं है। लेकिन मेरे पास एक चीज है, संतुष्ट करने वाला भाग। यही वो भाग है

जो मुझे चाहिए। यही वो भाग है जो परमेश्वर चाहता है कि आपके पास हो। इन बाकी की पुरानी चीजों को निकाल फेंको, सारी प्रतिष्ठा और बाकी की हर एक चीज, और छोड़ दो और परमेश्वर के संतुष्ट करने वाले भाग को पा लो।

117 क्योंकि, इस धरती से आपने जो पाया है, जब आप जाएंगे तो आप यहीं छोड़ जाएंगे। लेकिन यदि आपने उस संतुष्ट करने वाले भाग को पा लिया है, तो यह आपको निश्चित रूप से ऊपर ले जाएगा। हम हमेशा ही आज बीमा को करवाते हैं, ताकि ज़िम्मेदारी लेने वाले को इसे दे। आइए परमेश्वर के संतुष्ट करने वाले भाग को प्राप्त करें, और ज़िम्मेदारी लेने वाले के बजाय ऊपर लेकर जाने वाले को पाये। आप जानते है, वे दोनों काम करते हैं।

118 अब, आइये देखते हैं।

... वे छूटकर अपने साथियों के पास आए, ...

ना ही याजको के पास वापस गए। देखो, इससे पता चलता है कि उनके पास यह था। वे फिर से उस पुरानी, ठंडी, औपचारिक चीज़ पर वापस नहीं जा रहे थे, जी नहीं; वापस जाकर और कहे कि, "अब यहाँ देखो उन्होंने हमारे साथ क्या किया!" नहीं, नहीं। उनके पास उनके अपने साथी थे। उनमें से वहां केवल एक दर्जन ही थे, लेकिन इतने साथी काफी थे, थोड़े से मुट्ठी भर लोग।

... वे छूटकर, ...

जब उन्होंने उन्हें पीटा और उन्हें धमकाया उसके बाद, कहा, "यदि तुमने फिर से कभी यीशु के नाम में बपतिस्मा दिया!" या, ओह, मेरा मतलब... अच्छा, यह सही है। देखा? "यदि तुमने फिर से कभी यीशु के नाम में प्रचार किया, जो कुछ भी तुम करोगे, हम तुम्हे पकड़ लेंगे!"

119 कहा, "व्यूह, यह पूर्ण रूप से धमकी है। आइए बाकी भाइयों की ओर जायेंगे।" ओह, यही वो तरीका है। एकता में सामर्थ है। एकता में वहां सामर्थ है। कहा, "आओ हम बाकी के भाइयों के पास जाएं और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं।"

120 अब वे सब एक साथ आए और वे उनके अलग-अलग अनुभव को बता रहे थे।

... वे छूटकर अपने साथियों के पास आए, और जो कुछ महायाजकों और पुरनियों ने उन से कहा था, उन को सुना दिया।

और उन्होंने यह सुना, उन्होंने एक चित्त होकर ऊंची आवाज़ *से परमेश्वर से कहा, ...*

अब सुनना उन्होंने क्या कहा। उसे देखो, उन्हें देखो, ना ही पीछे हटकर और कहा हो, “हे... ” किसी और चीज के बारे में, “हे प्रभु, मुझे क्षमा करे... ” नहीं। वे बचाए गए थे। वे आत्मा से भरे हुए थे। उनके पास अनन्त जीवन था।

... उन्होंने ऊँची आवाज को उठाया... और एक चित्त होकर कहा, प्रभु, तू वही परमेश्वर है, ...

आमीन! मैं बस इसे पसंद करता हूँ, भाई पामर। मुझे यह पसंद है।

... तू वही परमेश्वर है (हम यह जानते है) *जिसने स्वर्ग और पृथ्वी और समुद्र और जो कुछ उन में है बनाया।*

जिसने अपने सेवक हमारे पिता दाऊद... के मुख से कहा, ...

121 अब देखो, तुम वापस आओगे, कहोगे, “अब, हम ना ही हम एक... ” अब तुम वहाँ पर जाकर और कहते हो, “ठीक है, अब, प्रभु, अब यहाँ एक मिनट रुकिए। वे मेरा बहुत अधिक मज़ाक उड़ा रहे हैं!” क्या उसने यह नहीं कहा कि वे ऐसा करेंगे?

“वे सारे जो मसीह यीशु में भक्ति से जीवन बिताते हैं, वे सब सताये जायेंगे।”

“तो ठीक है, आप जानते है, मेरे मालिक ने मुझे बताया कि यदि वह पकड़ा जाये... ” क्या उन्होंने नहीं कहा कि वे ऐसा कहेंगे? “तो ठीक है, आप जानते है, उन्होंने मुझे एक दिन इस विषय में न्यायालय में घसीटा।”

122 क्या उसने नहीं कहा, “मेरे नाम के कारण तुम्हें राजाओं और हाकिमों के सामने लाया जाएगा। यह मत सोचना कि तुम क्या कहोगे, क्योंकि यह तुम नहीं हो जो बोल रहे हो”? मैंने ऐसा बीते कल में होते देखा है। “ये पवित्र आत्मा है जो तुम में रहता है; वो बोलेगा।” देखो, ये “वो है।” ये सही है। तो ठीक है। “यह मत सोचना कि तुम क्या बोलोगे।”

प्रभु, के द्वारा... *जिसने* अपने *द्वारा... अपने दास दाऊद के मुख से कहा, कि* अन्यजातियों *ने हुल्लड़ क्यों मचाया और देश के लोगों ने क्यों व्यर्थ* बातें *सोचीं?*

प्रभु और उसके मसीह के विरोध में पृथ्वी के राजा खड़े हुए, और हाकिम... एक साथ इकट्ठे हो गए।

... क्योंकि सचमुच, प्रभु, *तेरे सेवक यीशु के विरोध में, जिसे तू ने अभिषेक किया, हेरोदेस और पुन्तियुस पीलातुस भी, अन्य जातियों और इस्त्राएलियों के साथ इस नगर में... एक साथ इकट्ठे हुए,*

क्योंकि जो कुछ पहिले से तेरी सामर्थ और सम्मति से ठहरा था वही करें।

ओह प्रभु! मैं इसे पसंद करता हूँ। "प्रभु, वे बिल्कुल वही काम को कर रहे हैं जो आपने कहा था कि वे करेंगे।" बाइबल ने क्या कहा? "अंत के दिनों में, ठट्ठा उड़ाने वाले आएंगे; डिंगमार, अभिमानी, परमेश्वर के नहीं वरन सुखविलास ही के चाहने वाले होंगे; क्षमारिहत, झूठे दोष लगाने वाले, असंयमी, उन लोगों का तिरस्कार करने वाले जो भले है; भक्ति का भेष धरेंगे, लेकिन इनकार करेंगे... " वे वहाँ ऊपर कभी भी नहीं गए और ना सामर्थ को पाया: "... इसके बाद पवित्र आत्मा तुम पर उतरेगा।" "भक्ति का भेष तो धरते है, लेकिन उसकी शक्ति को नहीं मानते: ऐसो से परे रहना।" यही है जो पवित्र आत्मा है। समझे?

... जो *ठहरा है... वही करें।*

... अब प्रभु, उन की धमकियों को देख:और—और अपने दासों को यह वरदान दे, कि हम तेरा वचन बड़े हियाव से सुना सके,

ओह, मैं इसे पसंद करता हूँ! उस पुरानी कांटेदार हड्डी को बाहर निकालो, और वहां एक सच्ची रीढ़ की हड्डी को प्राप्त करे। अब यहां देखें।

... हम तेरे वचनो को सुना सके,

और चंगा करने के लिये तू अपना हाथ बढ़ा;...

ओह, भाई! दुष्टआत्माए नहीं मरते, लेकिन पवित्र आत्मा भी नहीं मरते। समझे?

... और चंगा करने के लिये तू अपना हाथ बढ़ा;... कि चिन्ह और अद्भुत काम तेरे पवित्र सेवक यीशु के नाम से किए जाएं।

आप देख रहे हैं कि वे किस बारे में विवाद कर रहे थे, आप नहीं देखते? वे आज भी वही काम को कर रहे हैं, लेकिन इससे कुछ भी भला नहीं होता है।

और जब वे प्रार्थना कर चुके, तो वह स्थान जहां वे इकट्ठे थे वो स्थान हिल गया; और वे सब पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो गए, और... परमेश्वर का वचन हियाव से सुनाते रहे।

123 व्यूह! ओह! उन्हें कुछ तो मिला जब वे वहाँ ऊपर गए, क्या उन्हें नहीं मिला? प्रतिज्ञा ने कहा कि यही है जो पवित्र आत्मा है, ताकि आपको हिम्मत दे, आपको एक ढाढ़स दे, ताकि आपको मोहर करे, आपको एक चिन्ह दें। ओह, प्रभु!

124 सुनना। ओह, काश हमारे पास थोडा समय होता, हम फिलेप्पुस के साथ सामरियों की ओर जा सकते थे। प्रेरितों के काम 8:14 में; आप जो लोग इसे लिख कर रख रहे है। उन्होंने बहुत आनंद को पाया था, उनके पास बड़ी–बड़ी चंगाईयां हुई थी, लेकिन उन्होंने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया था। लेकिन उन्होंने पतरस को लाने के लिये यरूशलेम की ओर भेजा; उसने वहां पर आकर और उन पर हाथ रखा, और उन्होंने पवित्र आत्मा को पाया। प्रेरितों के काम 8:14।

125 अन्यजाति, वहां एक कुरनेलियुस नाम का व्यक्ति था। वह एक अद्भुत व्यक्ति था, दशमांश देता था, लोगों के लिए आराधनालय बनवाता था, परमेश्वर का आदर करता था, परमेश्वर का भय मानता था; एक भला मनुष्य, अच्छा प्रेस्बिटेरियन, मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, या जो कुछ और है, देखो, एक बहुत ही भला मनुष्य। लेकिन एक दिन, परमेश्वर ने कहा, "वह एक भला मनुष्य है; इसलिए मैं उसे एक सभा में भेजने जा रहा हूं। मुझे अपने प्रचारक को यहाँ पर लाना होगा और उसे इसके बारे में बताना होगा।" तो ठीक है।

सो उसने एक दर्शन देखा, कहा, "याफा की ओर जाओ, और तुम्हें वहाँ एक शमौन नाम का एक चर्मकार मिलेगा। और वहाँ पर एक है, शिमौन पतरस, वहाँ है। उसे यहाँ पर आने दो; वो तुम्हे जरिया बताएगा, क्योंकि उसने कुछ तो पाया है।"

126 और जब पतरस वहां पर खड़ा हुआ… और कुरनेलियुस उस प्रचारक की आराधना करने वाला था। वह था। लेकिन पतरस ने कहा, "खड़े हो जाओ। मैं तुम्हारे जैसा ही मनुष्य हूँ।"

"और जब पतरस इन वचनो को बोल ही रहा था," कि वे किस तरह वापस गए, आदि में… मैं उन्हीं बातों के बारे में बात कर रहा हूँ कि कैसे परमेश्वर ने पवित्र आत्मा को उण्डेलने की प्रतिज्ञा की थी। "जब वो इन वचनो को बोल रहा था, तो पवित्र आत्मा उन पर उतर आया।" व्यूह! जी हाँ। यही वो पवित्र आत्मा है, जिसके लिए ये है। निश्चय ही। "और वे सब पवित्र आत्मा से भर गए।"

127 अब इफिसियों में ध्यान दें, वहां पर एक बैपटिस्ट भाई था। वो पहले एक वकील, होशियार, बुद्धिमान मनुष्य था, नियम को जानता था; महान मनुष्य, विद्वान। एक दिन उसे बाइबल पढ़ने को मिली, और उसने देखा कि मसीहा के नाम से एक आने वाला है। और जब उसने इसे पढ़ा, क्योंकि, वो इस यीशु के बारे में सुनने लगा, और उसने कहा, "मैं इससे सहमत हूं। और मैं स्पष्ट रूप से अपने विश्वास का खुले आम दावा करता हूं कि यीशु मसीह, परमेश्वर का पुत्र है।" वह एक सच्चा बैपटिस्ट था। साथ ही वो यहाँ आता है, "मैं स्पष्ट रूप से खुले आम दावा करता हूं कि यीशु ही मसीह है।" वो ऐसा इतना अधिक करने लगा कि परमेश्वर ने उसे सेवकाई में बुला लिया। परमेश्वर हमेशा ही सच्चे हृदय से बात करेंगा।

128 और वहां नीचे अक्विला और प्रिस्किल्ला नाम के एक छोटे से तंबू बनाने वाले पति और पत्नी थे। वे तंबू बनाने वाले थे। प्रेरितो को काम 18 वा अध्याय, आपको इनके बारे में बताता है। पौलुस, वे उसके मित्र थे। उन्होंने पवित्र आत्मा को पौलुस और उसकी शिक्षा के हाथों के नीचे पाया था।

उन्होंने सुना कि वहाँ एक बेदारी हो रही थी, इसलिए वे वहां पर चले गए। इसमें केवल दस या बारह लोग ही उपस्थित हुए थे। सो वो इसे देखने के लिये वहां गया, और उस ने इस प्रचारक को उसके हृदय की सच्चाई से प्रचार करते हुए सुना। उसने कहा, "आप जानते हैं, मैं विश्वास करता हूँ कि वो सच्चाई को सुनेगा।"

तब सभा के समाप्त होने के बाद, उसने उसे तंबू के पीछे की ओर बुलाया, और कहा, "देखो, हमारा एक छोटा भाई है, जो लगभग इतना ऊँचा, एक छोटा सा नोकीले नाक वाला यहूदी है, और, लेकिन जब वो

वहां पर आता है, वो तुम्हे स्पष्ट रूप से परमेश्वर के वचन की शिक्षा देगा।" तो ठीक है, कुछ समय बाद...

129 पौलुस उसी समय पर जेल में था। एक आधुनिक ढंग के प्रचारक के लिए भयानक स्थान, क्या ये नहीं होगा? लेकिन वो जेल में था, और प्रभु ने उसे वहीं रखा था। सो भूकम्प आने के बाद जिसने उस जेल को हिला दिया, और उसने जेलर और उसके घराने को लिया और उन सब को बपतिस्मा दिया, प्रभु यीशु के नाम में, और वहां से निकल गया, वहां पर आ गया।

और उसने तभी एक छोटी सी उम्र की लड़की में से एक शैतान को बाहर निकाला था, जो वहां भाग्य को बता रही थी। और, तब, वे उस लड़की के द्वारा बहुत सा पैसा कमा रहे थे, इसलिए उसने तब उनके अवैध व्यवसाय का पर्दाफाश किया, सो तब उन्होंने इसके लिए उसे जेल में डाल दिया। और प्रभु ने जेल को हिलाकर नीचे गिरा दिया, क्योंकि उसके पास वहां सत्य सुनने के लिए लोगों का एक झुंड था। आप परमेश्वर के वचन को बांध कर नहीं रख सकते है। वहाँ... कोई बात नहीं क्या भी हो, आप नहीं कर सकते। आप बस ऐसा नहीं कर सकते है।

130 तो वो वहां पर आ गया, जहां पर यह मनुष्य था। और अक्विला और प्रिसिला, हो सकता है उनके पास कुछ सैंडविच या खोने की चीजे थे। और तब सैंडविच को खाने के तुरंत बाद, कहा, "हम वहां बेदारी की ओर जायेंगे।"

पौलुस वहाँ पीछे बैठा हुआ और उसके छोटे से वस्त्र को पहने हुए, और इस बैप्टिस्ट प्रचारक के प्रचार को सुना।

उसने कहा, "यह अच्छा है, आप जो प्रचार करते हैं, लेकिन इसमें कुछ और भी है।" कहा, "मैं आपसे एक प्रश्न पूछना चाहता हूं, डॉ. अपुल्लोस। क्या आपने पवित्र आत्मा पाया है जब से आपने विश्वास किया? "

"ओह," उसने कहा, "हम नहीं जानते कि वहाँ था। आपका 'पवित्र आत्मा' से क्या मतलब है? हम बैपटिस्ट हैं।"

कहा, "तुम कैसे जानते हो कि तुम बैपटिस्ट हो? " समझे?

"ठीक है, हमने बपतिस्मा लिया था। हम केवल यूहन्ना के बपतिस्मे को जानते हैं।"

उसने कहा, “उसने केवल यह पश्चाताप का बपतिस्मा दिया ये कहते हुए कि ‘उस आने वाले पर विश्वास करो,’ यह यीशु मसीह पर है।”

और जब उसने यह सुना, तो उन्होंने वहां पर यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया। और पौलुस ने उन पर हाथ रखे, और पवित्र आत्मा उन पर उतरा, और उन्होंने अन्य ज़ुबान में बोला, और भविष्यद्वाणी की। कहा, “जो कोई भी।”

131 अब, हम अब इसे कैसे करते हैं? मैं आपसे कुछ कहना चाहता हूँ, तब मैं... हम बंद कर देंगे, क्योंकि, मैंने आपसे कहा था कि मैं आपको जल्दी छोड़ दूंगा। आप जानते हैं कि पवित्र आत्मा क्या है। आज रात के लिए अंतिम वचन... यहाँ पर आगे लेने के लिए एक और झुण्ड है, लेकिन हमें उसे छोड़ना होगा। आइए पहले कुरिन्थियों 12 की ओर जायेंगे। और उसके बाद हम इसे पढ़ेंगे, और फिर हम—हम बंद कर देंगे। तो ठीक है। पहला कुरिन्थियों, 12 वा अध्याय।

कितने लोग संत पौलुस की शिक्षा का विश्वास करते हैं? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] निश्चय ही! उसने गलातियों 1:8 में कहा, “यदि कोई दूत भी कुछ अलग ही सिखाए, तो वो शापित होने दो,” एक प्रचारक की बात तो छोड़ ही दो। “यदि स्वर्ग से कोई दूत भी नीचे आकर और कुछ अलग सिखाता है, तो उसे शापित होने दो।” देखो, इसके साथ कोई लेना-देना नहीं है।

132 अब इसे देखें, पहला कुरिन्थियों 12। कितने—कितने लोग जानते हैं कि पुनरुत्थान में जाने के लिए हमें मसीह में होना होगा, क्योंकि ये उसकी देह है जिसे परमेश्वर ने जिलाने की प्रतिज्ञा की है? [सभा कहती है, “आमीन।”—सम्पा।] दूसरा और कोई जरिया नहीं है। दूसरा और कोई जरिया नहीं है, यदि आप मसीह के बाहर हैं।

आप हो सकता है *यहां* पीछे की ओर देखें और उस पर विश्वास करें, कहें, “निश्चय ही, मैं उस पर विश्वास करता हूँ। वो परमेश्वर का पुत्र है।” अच्छी बात है, मेरे भाई, जब तुम ऐसा कहते हो तो मैं तुम्हारा हाथ मिलाने के लिए तैयार हूँ। “मैं उस पर विश्वास करता हूँ। मैं उसे अपने उद्धारकर्ता के नाई स्वीकार करूंगा।” यह अच्छा है, लेकिन आप अब भी उसमें नहीं हैं। “मैं प्रचारक के साथ हाथ मिलाऊंगा। मैं अपने पापों को अंगीकार करूंगा।” वो अभी भी उसमें नहीं है।

133 अब देखना, देखो कि पौलुस ने क्या कहा, आप मसीह में कैसे आते हो। आप खतना के रूप में कैसे जाने जायेंगे? अब्राहम, वे एक चिन्ह को देते हैं। अब इसे सुनना, पहला कुरिन्थियों, 12 वां अध्याय, और आइए 12 वें पद से आरंभ करें।

> *क्योंकि जिस प्रकार देह तो एक है और उसके अंग बहुत से हैं, और... उस एक देह के सब अंग, बहुत होने पर भी सब मिलकर एक ही देह हैं: उसी प्रकार मसीह भी है।* (ना ही बटा हुआ। "एक!")

सुनना। "क्योंकि एक कलीसिया के द्वारा"? मेरी बातो को कितने लोग समझ रहे हैं? "एक हाथ मिलाने के द्वारा"? "एक जल के द्वारा"? नहीं। फिर कोई तो गलत है।

"एक आत्मा के द्वारा!" क्या ये एक बड़ा अक्षर है? यह, तब "पवित्र आत्मा," है। समझे?

> *... क्योंकि हम सब ने क्या यहूदी हो, क्या युनानी, क्या दास, क्या स्वतंत्र एक ही आत्मा के द्वारा एक देह होने के लिये बपतिस्मा लिया; और हम सब को एक ही आत्मा पिलाया गया।*

134 मसीह की देह एक आत्मा है, जहां हर एक सदस्य, पेंटीकोस्ट से लेकर इस समय तक, एक ही नया दाखरस पीता है, वही पवित्र आत्मा, उसी परिणाम को लाता है। हम इसे कैसे करते हैं? "एक आत्मा के द्वारा।"

यह परमेश्वर का खुला द्वार है, पवित्र आत्मा। ये क्या है? ये परमेश्वर का खुला द्वार है। यह एक चिह्न है। यह एक मोहर है। यह एक सहायक है। यह एक वकील है। यह एक आश्वासन है। यह विश्राम है। यह शांति है। यह भलाई है। यह चंगाई है। यह जीवन है। यह—यह इन सारी चीजों के लिए परमेश्वर का खुला द्वार है। यह मसीह के लिए परमेश्वर का खुला द्वार है, जिसे...

परमेश्वर ने प्रमाणित किया कि उसने यीशु को मरे हुओं में से जिलाया, और वे जो मसीह में मरे हैं, उन्हें परमेश्वर पुनरुत्थान के समय अपने साथ लाएगा। "पवित्र आत्मा को शोकित मत करो, जिसके द्वारा तुम्हे तुम्हारे छुटकारे के दिन तक के लिए मसीह में मोहरबंद किया हैं।" व्यूह! कितने लोग इसे विश्वास करते हैं? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

135 मसीह क्या है? पवित्र आत्मा क्या है? यह ऐसा कुछ नहीं है जिस पर लोग हंसे। यह कुछ तो ऐसा है जिस पर लोग हंसते है; लेकिन ऐसा विश्वासियों के लिए नहीं है।

अविश्वासियों के लिए! काश मेरे पास लंबे दो या तीन सप्ताह होते, मैं कल रात लेना चाहूँगा और आपको बताऊंगा कि यह अविश्वासी के लिए क्या है। मैं बस जल्दी–जल्दी करूँगा, बस कुछ क्षण का समय। यह हंसी का पात्र है। यह एक जाल है। यह एक ठोकर है। यह मृत्यु है। यह परमेश्वर से अनंत अलगाव है। मैं बस उन चीजों के बारे में नहीं सोच सकता जो अविश्वासी के लिए हैं!

136 याद रखना, जिस बारिश का अविश्वासी ने मज़ाक उड़ाया था, ये वही बारिश थी जिसने नूह और उसके परिवार को बचाया था। देखा? वही आत्मा, पवित्र आत्मा जिसका लोग मजाक उड़ा रहे हैं और ये कहते हैं "पागल, और मूर्खो का एक झुण्ड, यह पागलपन है," यह वही बात है जो कलीसिया का रेपचर करेगी और अंत के दिनों में इसे ऊपर ले जाएगी; ये अविश्वासी पर न्याय को लाएगा। ये सही बात है। यही है जो पवित्र आत्मा है।

137 धन्य हैं वे... मैं इसे मेरे ह्रदय की ईमानदारी से कह सकता हूं। धन्य हैं वे जो इसके लिए भूख–प्यास को रखते हैं, क्योंकि वे तृप्त किये जायेंगे।

138 कल रात हम इस बारे में बात करने जा रहे हैं कि किस तरह से, जब यह आता है, तो क्या करता है।

139 अब, यहाँ कितने लोग पवित्र आत्मा को पाना चाहेंगे, और चाहते हैं कि कोई तो आपके लिए प्रार्थना करे, जिससे कि आप उजियाले को देखें?

आप जानते है "यह क्या है।"

अब, कल रात, हम लेने जा रहे हैं, "यह क्या करता है।"

140 और उसके बाद अगली रात को लेंगे, "इसे कैसे पाना है।" उसके बाद हम बुलाएंगे, यहाँ लोगों को निर्देश देना है, और सीधे कमरों में जाएंगे और वहीं रहेंगे, यदि ऐसा पूरे क्रिसमस तक चलता है, तो यह ठीक है, जब तक कि पवित्र आत्मा नही आता। हम इसे एक विचारशील, बाइबल की बुनियाद से देखने जा रहे हैं। हम इसके समीप जा रहे हैं और इसे वैसे ही पाएंगे जैसे परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की थी, और यह आरंभ में नीचे उतर आया।

इसी तरह से हम इसे करने के लिए यहां पर हैं। मैं... इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई कुछ भी क्या कहता है, हम...

परमेश्वर का वचन... मेरे हृदय में प्रधानता ले चूका है। ये सही बात है। और मुझे वो चाहिए जो परमेश्वर के पास मेरे लिए है। यदि वहां कुछ और भी अधिक है, प्रभु, तो स्वर्ग खोले, क्योंकि मेरा—मेरा हृदय इसके लिए खुला है। ये सही है।

141 कितने लोग इसे चाहते हैं? अब अपने हाथ को उठाये, कहे, “मेरे लिए प्रार्थना करें।” अब, जब आपने अपने हाथों को ऊपर उठाये रखा है।

स्वर्गीय पिता, हमने लंबे समय तक शिक्षा दी है। लेकिन आपकी आत्मा यहाँ पर है। यहाँ पर हाथ हैं जो अब हवा में ऊपर उठे हुए हैं। और वे जानते हैं कि यह क्या है, वे जानते हैं कि पवित्र आत्मा का क्या अर्थ है। मैं प्रार्थना करता हूं, परमेश्वर, कि इस सभा के समाप्त होने से पहले, कि यहां पर हर एक हाथ जो ऊपर उठाये जायेंगे कि उन्होंने इसे पा लिया है। इसे प्रदान करे, प्रभु।

142 हम उनके लिए प्रार्थना करते हैं। हम आपसे मांगते हैं कि आप उन्हें आशीष दीजियें, और उन्हें उनकी हृदय की इच्छा को प्रदान करे। उनके हाथों की ओर देखे, प्रभु। वे आपसे प्रेम करते हैं। वे इसे चाहते हैं। वे जानते हैं कि वे नहीं जा सकते... कल रात, यदि आप मेरी सहायता करेंगे, प्रभु, हम इसे वचन में से साबित कर सकते हैं कि वे इसके बिना कभी भी रेपचर नहीं कर पाएंगे। इसलिए मैं प्रार्थना करता हूं, पिता, कि आप उन्हें भूख और प्यास को दीजिये, ताकि वे तृप्त हो सकें। मैं उन्हें अब आपके समक्ष रखता हूं, पिता। और, इन आशीषों को प्रदान करें, जैसा कि हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

> मैं उससे प्रेम करता हूँ, मैं उससे प्रेम करता हूँ
> क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
> और मेरे उद्धार को खरीदा
> उस कलवरी के वृक्ष पर।

143 इससे पहले हम फिर से गाये मैं यह कहना चाहता हूं। मैं यहां पर कमरे में सेवको के झुण्ड से मिलना चाहता हूं, शुक्रवार की रात, सभा शुरू होने से पहले, देखो, शुक्रवार की रात। मैं...

आप समझ रहे है कि मैं क्या करने की कोशिश कर रहा हूं? इस बात को दिखाने की कि यह क्या है, इसे कैसे पाना है और क्या आदर करना है; तब आप आँख बंद करके नहीं आते हैं, किसी चीज़ में डंडा मारते हुए। यही कारण है कि मैंने इसे आज रात कभी नहीं पूछा। मैं चाहता हूं कि आप यह जानें कि यह क्या है। यह एक प्रतिज्ञा है। यह एक मोहर है। यह सहायक है। यह आदि–आदि है।

तब, कल की रात और अगली रात, फिर हम ठीक उसके बाद से आरंभ करेंगे, उसके आगे से, जब तक ये नहीं आता। इसकी फ़िक्र नहीं करना कि इसमें कितना समय लगता है; हम तब तक बने रहेंगे। अपने ह्रदय को शुद्ध रखे। वो इसे कभी भी अशुद्ध हृदय में नहीं उंडेलेगा। सही कर लो, तैयार रहो, और वो इसे प्रदान करेगा।

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं (आइए
अब हमारे हाथो को उठाएं)
क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के वृक्ष पर।

पास्टर ने अभी कहा, और हम सहमत हैं, कि कल रात को हम साढ़े सात के बजाय सात बजे आरंभ करेंगे। और जिससे कि मैं आपको साढ़े नौ के बजाय साढ़े आठ बजे छोड़ दूंगा। साढ़े सात–... कल रात सात बजे गीत की सभा आरंभ होगी। मैं साढ़े सात बजे अपने संदेश पर आऊँगा।

मैं उससे प्रेम करता हूं,

आइए हम अपने रूमाल को निकाल कर उसकी ओर हिलाये।

मैं उससे प्रेम करता हूं

अब औपचारिक विचारधारा को तोडे!

क्योंकि उसने पहले मुझ से प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीद लिया
उस कलवरी के वृक्ष पर।

तो ठीक है, अब आपके पास्टर, भाई नेविल।

पवित्र आत्मा क्या है? HIN59-1216

(What Is The Holy Ghost?)

पवित्र आत्मा की श्रृंखला

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में बुधवार शाम, 16 दिसंबर, 1959, को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविल, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org